मंगलवार, 20 जनवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 16 – 28 |
| आर्द्रता | 40% |
| सूर्योदय: 06:19 | सूर्यास्त: 17:16 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष द्वितीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : दौलत हो, इज्जत हो, प्रेम हो या कोई अच्छा इंसान इन्हें संभालकर रखना।

International Cricket Council

विश्व कप में भागीदारी पर 21 जनवरी तक फैसला लें या बाहर होने को तैयार रहें : आईसीसी ने बीसीबी से कहा पृष्ठ 7




# बंगाल एसआईआर में 'तार्किक विसंगतियों' की सूची में शामिल लोगों के नाम प्रदर्शित किए जाएं : सुप्रीम कोर्ट

## कहा : 'पंचायतों, वार्डों में सूची चिपकाए, लोगों को आपत्तियां दर्ज कराने का दें मौका'

- माध्यमिक का एडमिट कार्ड स्वीकार करना होगा
- डॉक्यूमेंट जमा देने पर रिसिप्ट देनी होगी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को निर्वाचन आयोग (ईसी) को पश्चिम बंगाल के ग्राम पंचायत भवनों, तालुका प्रखंड कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल लोगों के नाम प्रदर्शित करने का निर्देश दिया जहां दस्तावेज और आपत्तियां भी स्वीकार की जाएंगी। न्यायालय ने कहा कि राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए और इससे किसी को असुविधा नहीं होनी चाहिए। राज्य में 1.25 करोड़ मतदाताओं के तार्किक विसंगतियों की सूची में शामिल होने पर संज्ञान लेते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के जारी विशेष गहन पुनरीक्षण



(एसआईआर) से प्रभावित होने की संभावना वाले लोगों को अपने दस्तावेज या आपत्तियां प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाए। कहा कि वे 10 दिन में अपने डॉक्यूमेंट्स चुनाव आयोग को पेश करें। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि दस्ता-वेज और आपत्तियां प्रस्तुत करने के लिए कार्यालय पंचायत भवनों या ब्लॉक कार्यालयों के भीतर स्थापित किए जाएंगे। पीठ ने कहा कि राज्य सरकार पंचायत भवनों और प्रखंड कार्यालयों में तैनाती के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को पर्याप्त श्रमशक्ति उपलब्ध कराएगी। न्यायालय ने कहा कि इस संबंध में, हम निर्देश देते हैं कि सुचारू कामकाज के लिए प्रत्येक जिला, ईसीआई या राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों के लिए जारी किए गए निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करे। उच्चतम न्यायालय ने निर्देश दिया कि राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) यह सुनिश्चित करने के लिए बाध्य होंगे कि कानून-व्यवस्था की कोई समस्या न हो और सभी गतिविधियां सुचारू रूप से पूरी हों। पीठ ने कहा कि 'तार्किक विसंगति' की श्रेणी के तहत, पिता के नाम या माता-पिता की उम्र में विसंगतियां और दादा-दादी की उम्र में अंतर अधिकारियों द्वारा देखा गया था। कोर्ट ने कहा कि मतदाता सूचियों के चल रहे एसआईआर से प्रभावित होने की संभावना वाले लोगों को अपने दस्तावेज या आपत्तियां प्रस्तुत करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

# मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति की मेजबानी की, 200 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार लक्ष्य पर चर्चा

**नयी दिल्ली :** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने सोमवार को 2032 तक वार्षिक व्यापार के लिए 200 अरब अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य निर्धारित किया और एक रणनीतिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर करने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही ऊर्जा, अंतरिक्ष और असैन्य परमाणु क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर भी सहमति जताई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान ने संबंधों को मजबूत करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया। मोदी ने दिल्ली हवाई अड्डे पर अल नाह्यान का गले मिलकर स्वागत किया और फिर वे एक ही वाहन में प्रधानमंत्री आवास तक साथ गए, जहां उन्होंने प्रतिनिधिमंडल स्तर के प्रारूपों में बातचीत की। यूएई के नेता की लगभग साढ़े तीन घंटे की यात्रा समाप्त होने के बाद प्रेस वार्ता में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा, ''यह एक संक्षिप्त, लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण यात्रा रही।'' उन्होंने कहा कि दोनों



पक्षों ने उन्नत परमाणु प्रौद्योगिकियों में साझेदारी की संभावनाओं का पता लगाने का फैसला किया है, जिसमें बड़े परमाणु रिएक्टर और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर का विकास तथा परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालन में सहयोग शामिल है। दोनों पक्षों ने प्रतिवर्ष पांच लाख मीट्रिक टन एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति के लिए एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए। कतर के बाद संयुक्त अरब अमीरात भारत को एलएनजी की आपूर्ति करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। मिसरी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को सहयोग के प्राथमिकता वाले क्षेत्र के रूप में पहचाना गया और यूएई के साथ साझेदारी में भारत में एक 'सुपरकंप्यूटिंग क्लस्टर' स्थापित करने के लिए सहयोग करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि खाड़ी देश भारत में डेटा सेंटर की क्षमता बढ़ाने के लिए निवेश पर भी विचार करेगा। विदेश सचिव ने कहा कि दोनों पक्षों ने 2032 तक वार्षिक व्यापार के लिए 200 अरब अमेरिकी डॉलर का लक्ष्य भी निर्धारित किया है।

## चांदी तीन लाख के पार, सोना भी नए शिखर पर

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को चांदी 10,000 रुपये की जोरदार उछाल के साथ तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर को पार कर गई जबकि सोना भी 1,900 रुपये उछलकर 1.48 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि घरेलू और वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग बने रहने से चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी देखी गई। सोमवार को चांदी का कारोबार 3,02,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर हुआ जो तीन लाख रुपये से ऊपर का पहला बंद भाव है। शुक्रवार को चांदी 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोने की कीमतों में भी मजबूती देखी गई और यह नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गई। सोना 1,48,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया, जो शुक्रवार के 1,46,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर से 1,900 रुपये अधिक है।

## न्यायालय ने राजमार्ग से 500 मीटर के दायरे में शराब की दुकानें हटाने के आदेश पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को राजस्थान उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें राज्य सरकार को राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों से 500 मीटर के दायरे में आने वाली सभी शराब की दुकानों को हटाने का निर्देश दिया गया था। उच्च न्यायालय ने सड़क हादसों में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए यह आदेश दिया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने शराब विक्रेताओं और राजस्थान सरकार की याचिकाओं पर नोटिस जारी किया। हालांकि, पीठ ने यह भी कहा कि उच्च न्यायालय की चिंता वाजिब थी और सरकार भविष्य में अपनी आबकारी नीति बनाते समय इस पर विचार कर सकती है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया, ''नोटिस जारी किया जाए। चुनौती दिए गए आदेश के प्रभाव और क्रियान्वयन पर रोक लगाई जाती है।''

# नितिन नवीन निर्विरोध भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित



**नयी दिल्ली :** नितिन नवीन (45) सोमवार को निर्विरोध भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए। वह इस पद पर आसीन होने वाले अब तक के सबसे युवा नेता हैं। बिहार के पांच बार के विधायक नवीन, पार्टी के शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे, जिनके समर्थन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए। मंगलवार को नवीन को औपचारिक रूप से भाजपा अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। वह जेपी नड्डा का स्थान लेंगे, जो 2020 से लंबे समय से अध्यक्ष पद पर हैं। अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण ने एक बयान में कहा, मैं यह घोषणा करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए केवल एक नाम, श्री नितिन नवीन का नाम, प्रस्तावित किया गया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने के पक्ष में नामांकन पत्रों के 37 सेट दाखिल किए गए और सभी नामांकन पत्र वैध पाए गए। प्रधानमंत्री मोदी के अलावा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी सहित कई वरिष्ठ नेता भी प्रस्ताव रखने वालों में शामिल हैं। नामांकन पत्रों के 37 सेटों में से 36 पार्टी की राज्य इकाइयों द्वारा दाखिल किए गए थे और एक सेट भाजपा संसदीय दल द्वारा प्रस्तुत किया गया था। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष नड्डा, वरिष्ठ मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण, किरेन रीजीजू, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नायब सैनी, प्रमोद सावंत, पेमा खांडू और पुष्कर सिंह धामी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में 45 लाख रुपये के इनामी नौ माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया

**गरियाबंद (छत्तीसगढ़) :** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सोमवार को कुल 45 लाख रुपये के इनामी नौ नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रायपुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली सिनापाली और एसडीके (सोनाबेड़ा-धरमबांधा-खोलीबातर क्षेत्र) एरिया कमेटी के सदस्य हैं तथा उनमें छह महिलाएं हैं। मिश्रा के अनुसार उन्होंने माओवादी विचारधारा से निराशा होकर और जंगल के जीवन में कठिनाइयों का हवाला देते हुए यहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने कहा कि वे राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से भी प्रभावित हैं तथा उन्हें अखबारों



और स्थानीय ग्रामीणों के माध्यम से पता चला कि उनके कई पूर्व सहयोगी स्वास्थ्य सुविधाओं, आवास और रोजगार के अवसरों के लाभ उठा रहे हैं। मिश्रा ने बताया कि नौ नक्सलियों में अंजू उर्फ कविता (40), बलदेव उर्फ वामनवट्टी, दमरू उर्फ महादेव (35) और सोनी उर्फ बुदरी (37) के सर पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने बताया कि एक अन्य प्रमुख कैडर, रंजीत उर्फ गोविंद पर पांच लाख रुपये का इनाम है।

## किश्तवाड़ में तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ में एक ''पैराट्रूपर'' शहीद, आतंकी ठिकाना का भंडाफोड़

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल ''पैराट्रूपर'' ने सोमवार को दम तोड़ दिया जबकि तलाशी अभियान में एक संदिग्ध आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संदिग्ध आतंकी ठिकाने में सर्दियों के लिए राशन भरा हुआ था। छात्रू क्षेत्र के मन्द्राल-सिंहपुरा के पास सोनार गांव में रविवार को अभियान शुरू किया गया था और इस दौरान वहां छिपे आतंकवादियों की गोलीबारी में आठ सैनिक घायल हो गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि अचानक हुए ग्रेनेड हमले से निकले छर्रों के कारण सुर-क्षाकर्मी घायल हुए।

# मुंबई के महापौर पद के लिए आरक्षण का फैसला 22 जनवरी को लॉटरी के जरिए होगा

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई और 28 अन्य नगर निकायों के महापौरों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर दी है, और महापौर पद किस श्रेणी में जाएगा इसका फैसला 22 जनवरी को लॉटरी के जरिए होगा। शहरी विकास विभाग ने एक आदेश जारी कर कहा है कि यह काम लॉटरी के जरिये राज्य सचिवालय (मंत्रालय) में होगा। महाराष्ट्र में महापौरों का चुनाव पार्षदों द्वारा किया जाता है और यह पद रोटेशन के आधार पर आरक्षण के अधीन होता है। लॉटरी के माध्यम से यह निर्धारित किया जाता है कि महापौर का पद किस श्रेणी के लिए आरक्षित होगा, जैसे सामान्य, महिला, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी श्रेणी। श्रेणी की घोषणा होने के बाद, पात्र उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करते हैं।




# गृह मंत्रालय पूर्व अग्निवीरों को सीएपीएफ में शामिल करने के लिए नीति लाएगा: सीआईएसएफ महानिदेशक

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय पूर्व अग्निवीरों को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में समाहित करने के लिए एक व्यापक नीति लाएगा। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने सोमवार को यह जानकारी दी। रंजन ने संवाददाताओं से कहा कि सीआईएसएफ ने भी इस संदर्भ में एक कार्ययोजना तैयार करने और उसे मंत्रालय के समक्ष पेश करने के लिए अपने मुख्यालय में एक समिति का गठन किया है। उन्होंने कहा, ''यह गृह मंत्रालय का नीतिगत मामला है। इस पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों से परामर्श किया जाएगा। गृह मंत्रालय एक उचित नीति तैयार करेगा, जिसका हम सभी पालन करेंगे।'' रंजन ने कहा कि बल के स्तर पर गठित समिति पूर्व अग्निवीरों को समाहित करने के तरीकों की पता लगा रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व अग्निवीरों को किस अनुपात में और कहां शामिल किया जाएगा, इसकी विस्तृत योजना गृह मंत्रालय तैयार करेगा। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि नौसेना से आने वाले अग्निवीर बंदरगाहों की सुरक्षा से संबंधित सीआईएसएफ के कर्तव्यों के लिए ''प्रासंगिक'' हो सकते हैं।

## बेहतर सुरक्षा के लिए हवाई अड्डों पर चेहरे की पहचान वाले कैमरे, बॉडी स्कैनर लगाए जाएंगे: सीआईएसएफ

भारतीय हवाई अड्डों पर यात्रियों की सुरक्षित यात्रा के लिए चेहरे की पहचान करने वाले कैमरे, पूरे शरीर की जांच करने के लिए स्कैनर, यात्रियों के सामान की रिमोट व्यूइंग और डिजी यात्रा आधारित प्रवेश जैसी आधुनिक तकनीकें अपनाई जा रही हैं। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीआईएसएफ, यात्रियों की भीड़ को कम करने और टर्मिनलों के अंदर संदिग्धों पर नजर रखने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) और कंप्यूटर एनालिटिक्स का भी उपयोग कर रही है। सीआईएसएफ के महानिदेशक (डीजी) प्रवीर रंजन ने यहां एक प्रेस वार्ता में पत्रकारों को बताया कि दिल्ली, मुंबई, गोवा, बेंगलुरु और कोचीन जैसे हवाई अड्डों पर पूरे शरीर की जांच करने वाले स्कैनर लगाए जा चुके हैं लेकिन यात्रियों की तलाशी के लिए इनका पूर्ण उपयोग शुरू होने में बस कुछ ही समय लगेगा।



# रोजगार सृजन से संभव विकसित भारत का संकल्प

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है, जिसमें गत दिसंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8 फीसदी होने की बात कही गई है। भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। लेकिन हम इस युवा शक्ति का भरपूर उपयोग राष्ट्र विकास में नहीं कर पा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि देश के शहरी क्षेत्र में पंद्रह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं में बेरोजगारी की दर गांवों के मुकाबले ज्यादा है। जहां शहरों में यह प्रतिशत बढ़कर 6.7 फीसदी हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में यह 3.9 फीसदी स्थिर है। हाल ही के वर्षों में बेरोजगारी देश में बड़ा मुद्दा रहा है, जो भारत जैसे विकासशील देश के हित में नहीं है। किसी भी अर्थव्यवस्था में विकास दर तभी सार्थक होगी, जब रोजगार के नये मौके उपलब्ध हो रहे हों। नीति-नियंताओं को आत्ममंथन करना होगा कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में रोजगार के नये अवसर क्यों नहीं बन रहे हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि युवाओं को देश की तरक्की में योगदान देने का अवसर मिले। यदि बेरोजगारी की दर बढ़ रही है तो इसके मायने हैं कि संगठित और असंगठित क्षेत्र में नौकरी के मौके बढ़ नहीं रहे हैं। कहा जा रहा है कि औद्योगिक क्षेत्रों में एआई और डिजिटलीकरण के चलते भी नौकरियां घटी हैं। तो क्या हम इस चुनौती के लिये अपने युवाओं को तैयार कर रहे हैं?

निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को मंथन करना चाहिए कि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसे अभियानों के जमीनी परिणाम उत्साहवर्धक क्यों नहीं हैं? युवाओं की कौशल विकास कार्यक्रमों में भागीदारी के बावजूद रोजगार के मौके क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था समय के साथ कदमताल नहीं कर पा रही है? विडंबना यह भी है कि बढ़ती आबादी के बावजूद सरकारी क्षेत्र की नौकरियां कम हो रही हैं। युवाओं की शिकायत होती है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में तमाम तरह की विसंगतियां व्याप्त हैं। वे परीक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाते रहे हैं। निस्संदेह, बढ़ती बेरोजगारी हमारे विकास के मापदंडों पर भी सवाल खड़ी करती है। निश्चित रूप से संतुलित आर्थिक विकास की सार्थकता के लिए जरूरी है कि देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़े तथा आर्थिक असमानता भी दूर हो। तेज विकास दर के साथ लोगों के जीवन में खुशहाली भी आनी चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ने से ही समाज में खुशहाली आ सकती है। जब देश में रोजगार के मौके बढ़ेंगे तो समाज में वास्तविक समृद्धि आ सकती है। रोजगार के अवसर बढ़ने से उत्पादकता बढ़ेगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी। निस्संदेह, बढ़ती क्रय शक्ति भी अर्थव्यवस्था को गति देती है। निर्विवाद रूप से बेरोजगारी कम किए बिना हम देश के सौ साल पूरे होने तक विकसित भारत का लक्ष्य मुश्किल से हासिल कर पाएंगे। हमें एआई व डिजिटल चुनौती के मुकाबले के लिए युवाओं का कौशल विकास तेज करना चाहिए।

# बड़े पैमाने पर निर्माण, निश्चितता के साथ कार्य पूर्णता

**विनायक पाई**

पिछले दशक में, भारत के अवसंरचना परिदृश्य में एक संरचनात्मक बदलाव हुआ है-ऐसा बदलाव, जो केवल परिसंपत्ति निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासन और सेवा अदायगी की संरचना तक विस्तारित है। पिछले चरणों की तुलना में इस दौर की विशेषता सिर्फ निवेश के पैमाने या कार्यान्वयन की गति से ही संबंधित नहीं है, बल्कि इस बात में भी है कि एक सुसंगत, परिणाम-उन्मुख प्रणाली उभर रही है, जो नीतिगत उद्देश्य, संघीय सहयोग और जमीन पर कार्यान्वयन के अनुरूप है।

आज, भारत निर्णायक रूप से एक प्लेटफॉर्म-आधारित प्रशासन मॉडल की ओर आगे बढ़ रहा है-एक ऐसा मॉडल, जो अवसंरचना को अलग-अलग परियोजनाओं के समूह के बजाय एकीकृत राष्ट्रीय प्रणाली के रूप में देखता है।

**अलग-अलग परियोजनाओं के बजाय, प्रणाली की सहायता से पैमाने का विस्तार**

इस बदलाव का स्पष्ट प्रमाण है - राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क का विस्तार, जो 2014 के लगभग 91,000 किमी से बढ़कर 2024 में 1.46 लाख किमी से अधिक हो गया है। निर्माण की गति में हुई वृद्धि का भी समान महत्व है, जो लगभग 12 किमी प्रति दिन से बढ़कर 34 किमी प्रति दिन से अधिक हो गई है।

इस गति को अक्सर एक तकनीकी उपलब्धि माना जाता है। वास्तव में, यह परियोजनाओं के विभिन्न पहलुओं का सहज रूप से समन्वय करने के बारे में है। यह एक ऐसी प्रणाली को प्रतिबिंबित करता है, जहाँ बाधाओं का पूर्वानुमान लगाया जाता है और समय पर समाधान किया जाता है।

सार्वजनिक नीति के दृष्टिकोण से, परियोजनाओं के तेजी से पूरे होने का सीधा मतलब है - सामाजिक और आर्थिक लाभों की जल्द प्राप्ति - गांव, बाजारों से जुड़ते हैं, स्वास्थ्य और शिक्षा तक आसान पहुँच की सुविधा मिलती है और आपदा राहत गतिविधि एवं राष्ट्रीय सहनीयता मजबूत होती है। यह लॉजिस्टिक लागत को कम करके औद्योगिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**जवाबदेही को संस्थागत रूप देना: समीक्षा से समाधान तक**

इस दशक की एक प्रमुख विशेषता है - समयबद्ध जवाबदेही को संस्थागत रूप देना। प्रगति (सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन) की शुरुआत से जटिल, अंतर-मंत्रालयी परियोजनाओं के प्रबंधन को एक नयी दिशा मिली।

यहां सबसे महत्वपूर्ण नीति संकेत सांस्कृतिक है: विलंब को अब सामान्य नहीं माना जाता और जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से सौंपी जाती है। इसके परिणामस्वरूप, बड़े और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण परियोजनाएं-जो कभी लंबे समय तक सुस्त पड़ी रहती थीं-अब पूर्वानुमान और अनुशासन के साथ प्रगति कर रही हैं।

एक अन्य महत्वपूर्ण बदलाव, अवसंरचना परियोजनाओं में सहयोगात्मक संघवाद को मजबूत करना रहा है। केंद्र और राज्यों के बीच नियमित व विभिन्न स्तरों पर संवाद ने कार्यान्वयन के माहौल को बदल दिया है, विशेष रूप से उन परियोजनाओं के लिए जो कई क्षेत्रों में फैली होती हैं। यह मॉडल संवैधानिक भूमिकाओं का सम्मान करता है और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के लिए सामंजस्य सुनिश्चित करता है। राज्य अब केंद्रीय प्रायोजित परियोजनाओं के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता नहीं हैं, बल्कि योजना, कार्यान्वयन और परिणाम प्रबंधन में सक्रिय साझेदार हैं। इसका परिणाम है - तेज सहमति निर्माण, कम कानूनी विवाद और जमीन पर सुचारु क्रियान्वयन।

**एकीकृत प्रशासन कैसे भारत के अवसंरचना परिदृश्य को नया रूप दे रहा है**

उद्योग जगत के दृष्टिकोण से, यह पूर्वानुमान क्षमता कार्यान्वयन जोखिम को कम करती है। नीतिगत दृष्टिकोण से, यह भारत की संघीय कार्यान्वयन क्षमता में विश्वास को मजबूत करती है।

**विविध प्रारूपों से जुड़ी योजना: परिसंपत्तियों से नेटवर्क तक**

भारत की अवसंरचना रणनीति, परिवहन संपर्क से प्रतिस्पर्धा की ओर भी विकसित हो रही है। सड़कों की योजनायें अब केवल अंतिम बिंदुओं के रूप में नहीं, बल्कि व्यापक लॉजिस्टिक्स और परिवहन इकोसिस्टम के रूप में बनायी जा रही हैं।

राजमार्गों का रेलवे, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और शहरी परिवहन के साथ एकीकरण-जिसका समर्थन राष्ट्रीय योजना रूपरेखाओं, जैसे गति शक्ति द्वारा किया जा रहा है- ने भारत की लंबे समय से मौजूद संरचनात्मक चुनौतियों में से एक: उच्च लॉजिस्टिक्स लागत, का समाधान करना शुरू कर दिया है।

नीति निर्माताओं के लिए, यह बदलाव एक महत्वपूर्ण सबक को रेखांकित करता है: अवसंरचना की दक्षता केवल परिसंपत्ति की गुणवत्ता से नहीं, बल्कि परिसंपत्तियों के बीच समन्वय से निर्धारित होती है। एकीकृत योजना पुनरावृत्ति को कम करती है, सार्वजनिक पूंजी का अधिकतम उपयोग करती है और राष्ट्रीय संपत्तियों के उपयोग में सुधार करती है।

**निवेश और उद्योग जगत के लिए भरोसे का लाभ**

स्पष्ट नीति, तेज निर्णय चक्र और दिखाई देने योग्य कार्यान्वयन गति ने निवेशकों की धारणाओं को बदल दिया है। भारत में अवसंरचना को एक स्थिर व दीर्घकालिक निवेश की संभावना के रूप में देखा जा रहा है, जिसे संस्थागत निरंतरता और प्रशासनिक संकल्प से समर्थन मिल रहा है।

ईपीसी उद्योग के लिए, यह वातावरण प्रौद्योगिकी, यांत्रिकीकरण, सुरक्षा प्रणालियों और कौशल विकास में बड़े निवेश करने की सुविधा देता है। यह कंपनियों को अनिश्चितता का सामना करने के बजाय आत्मविश्वास के साथ बड़े पैमाने की योजना बनाने की अनुमति देता है।

**अगले चरण के लिए नीति प्राथमिकताएँ**

भारत अवसंरचना विस्तार के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, नीतिगत ध्यान अब मात्रा के बजाय मूल्य की ओर होना चाहिए। प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं:

प्रारंभिक योजना और गुणवत्ता युक्त डीप-ीआर पर विशेष ध्यान

जीवनचक्र आधारित परियोजना का योजना निर्माण, प्रारंभिक डिजाइन से परिचालन तक में स्थायित्व और सहनीयता शामिल करना

निर्णय समयसीमा को और कम करने के लिए डिजिटल प्रशासन और डेटा एकीकरण

तकनीक का उपयोग करके कार्यान्वयन गुणवत्ता बनाए रखने के लिए राज्य और स्थानीय स्तर पर क्षमता निर्माण

गति और वित्तीय विवेक को संतुलित करने वाली जोखिम-साझाकरण व्यवस्था

सभी जीवनचक्रों में कौशल विकास

भारत की अवसंरचना यात्रा को अब इरादे या कार्यक्षमता की कमी से रोका नहीं जा सकता है। आगे का कार्य इन प्रणालियों को और गहरा करना, संस्थागत निरंतरता की रक्षा करना, और यह सुनिश्चित करना है कि अवसंरचना समावेशी, प्रतिस्पर्धी और मजबूत विकास के लिए एक आधार के रूप में कार्य करती रहे।

**-लेखक, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) महाराष्ट्र और राष्ट्रीय सड़क एवं राजमार्ग समिति के अध्यक्ष हैं**

# थम्स अप ने पेश किया नया लोगो और आधुनिक भारत के लिए नई ब्रांड पहचान

**कोलकाता, समाज्ञा:** भारत के घरेलू कोला ब्रांड थम्स अप ने अपने नए लोगो और ब्रांड पहचान को पेश किया है। यह बदलाव ब्रांड की पुरानी विरासत को बनाए रखते हुए आधुनिक भारत के युवाओं की ऊर्जा, आत्मविश्वास और साहस को दर्शाता है। नए लोगो को थम्स अप की इन-हाउस डिजाइन टीम ने डिजाइन एजेंसी सुपरअल्ट्रारेयर के सहयोग से तैयार किया है। लोगो में अंगूठे का निशान और तीन प्रमुख रंग-स्पाइस्ड रेड, आइस्ड ब्लू और स्टॉर्म ब्लू-ब्रांड के रोमांचक और साहसी व्यक्तित्व को उजागर करते हैं। टाइपोग्राफी अब और साफ, शार्प और डिजिटल/ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर अधिक स्पष्ट दिखाई देती है। कोका-कोला इंडिया की सीनियर डायरेक्टर, सुमेली चटर्जी ने कहा, थम्स अप का नया अवतार युवाओं की संस्कृति, साहस और 'टेस्ट द थंडर' जैसे अनुभवों को आगे बढ़ाता है। 1977 में लॉन्च हुए थम्स अप ने हमेशा अपने बोल्ड और स्पाइसी स्वाद से युवाओं के बीच अपनी अलग पहचान बनाई है। नया लोगो ब्रांड को भविष्य की नई पीढ़ियों के लिए और अधिक दमदार, रोमांचक और प्रासंगिक बनाता है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 जनवरी, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष द्वितीया, 26:41 तक, नक्षत्र : श्रावण, 12:56 तक, योग : सिद्धि, 19:52 तक, सूर्योदय: 06:14, सूर्यास्त: 17:00, चन्द्रोदय : 07:21, चन्द्रास्त: 18:42, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मकर, राहू काल : 14:30 से 15:51

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों की रुचि जप-तप, यज्ञ और भगवान की भक्ति में अधिक रहेगी। आज सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा।

**वृष :** दिन भर काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। प्रोफेशनल मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है।

**मिथुन :** आज का दिन एक्साइटमेंट से भरा है, दोपहर तक कोई टेलीफोन कॉल के जरिये किसी खास मामले में जानकारी दे सकता है। स्टूडेंट अपना ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं तो फायदा मिलेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर काम करना काफी रहेगा। आज कोई रिस्क वाला कदम न उठाएं।

**सिंह :** दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो तो फौरन आगे बढ़ें फायदा जरूर होगा। रिश्तेदारों से पुराने गिले शिकवे दूर करने का समय है।

**कन्या :** आज आपका दिन काफी बिजी कर देने वाला होगा। दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा और इसकी खुशी होगी। पुराने समय से चली आ रही टेंशन भी कम हो जाएगी।

**तुला :** आपको दिन के पहले हिस्से में फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेनदेन और बिजनेस में खतरा हो सकता है।

**वृश्चिक :** दिन के पहले हिस्से में मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी। शाम तक मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने फिरने के मौके जब भी आते हैं आप हमेशा तैयार रहते हैं।

**धनु :** आज आपका टाइम अच्छा है इसका पूरा फायदा उठाएं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। आपकी कई इच्छाएं आज पूरी होंगी। घूमने फिरने से कोई जरूरी काम बन सकता है।

**मकर :** आज आपकी किसी से अनबन न हो इस बात का ध्यान रखें। काम काज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। बिजनेस में मुनाफे की आशा रहेगी और शादीशुदा जिंदगी में भी कामयाब होगी।

**कुम्भ :** आज टीमवर्क से काम करने वाला दिन है। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई नया फायदे का आइडिया आ सकता है।

**मीन :** आज का दिन काफी धीमा हो सकता है। आहिस्ता आहिस्ता आगे बढ़ने से ही फायदा हो सकता है। कोशिश जारी रखें तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे।

## समाज्ञा व्यापार

# भारत 2030 तक बन सकता है उच्च-मध्यम आय वाला देशः एसबीआई रिसर्च



**नयी दिल्ली:** भारत वर्ष 2030 तक 'उच्च-मध्यम आय' वाला देश बनकर चीन एवं इंडोनेशिया की कतार में शामिल हो जाएगा और यह 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भी अग्रसर है। सोमवार को एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई। विश्व बैंक प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) के आधार पर देशों का वर्गीकरण निम्न आय, निम्न-मध्यम आय, उच्च-मध्यम आय और उच्च आय वाले देशों के रूप में करता है। वर्ष 1990 में विश्व बैंक के इस वर्गीकरण के तहत कुल 218 देशों में से 51 निम्न आय, 56 निम्न-मध्यम आय, 29 ऊपरी-मध्यम आय और 39 उच्च आय वाले देश थे। हालांकि वर्ष 2024 में प्रकाशित नवीनतम वर्गीकरण के तहत 26 देश निम्न आय, 50 निम्न-मध्यम आय, 54 उच्च-मध्यम आय और 87 उच्च आय वाले देश थे। एसबीआई रिसर्च की रिपोर्ट कहती है कि भारत को आजादी के बाद निम्न-मध्यम आय वाले वर्गीकरण से बाहर निकलने में 60 साल लग गए। इसकी 1962 में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय 90 डॉलर थी जो 2007 तक 910 डॉलर हो गई। इसके बाद भारत ने 2009 में प्रति व्यक्ति आय 1,000 डॉलर, 2019 में 2,000 डॉलर और 2026 तक 3,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल कर 'उच्च-मध्यम आय' वाला देश बनने की दिशा में कदम रख दिया है। रिपोर्ट कहती है, भारत अगले चार वर्षों में 2030 तक 4,000 डॉलर प्रति व्यक्ति आय हासिल करने की राह पर है जिससे वह उच्च-मध्यम आय वाला देश बन जाएगा और चीन एवं इंडोनेशिया के मौजूदा समूह का हिस्सा बन जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2047 तक भारत को उच्च-आय वाला देश बनने के लिए प्रति व्यक्ति जीएनआई को 7.5 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर से बढ़ाना होगा जो हासिल किया जा सकता है। वर्ष 2001-2024 के दौरान यह दर 8.3 प्रतिशत रही है। हालांकि अगर उच्च आय देश बनने की सीमा 13,936 डॉलर से बदलकर 2047 तक 18,000 डॉलर प्रति व्यक्ति हो जाती है तो फिर भारत को उच्च आय वाला देश बनने के लिए उस समय तक प्रति व्यक्ति आय में सालाना 8.9 प्रतिशत की दर से बढ़ोतरी करनी होगी।

# मुद्राकोष ने 2025-26 के लिए भारत का वृद्धि दर अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत किया



**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने सोमवार को भारतीय अर्थव्यवस्था के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया जो अक्टूबर में जारी अनुमान से 0.7 प्रतिशत अंक अधिक है। वाशिंगटन स्थित बहुपक्षीय वित्तीय संस्था ने अपनी 'विश्व आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है, जो पहले 6.2 प्रतिशत था। आईएमएफ ने कहा, भारत में 2025 (वित्त वर्ष 2025-26) के लिए वृद्धि अनुमान को 0.7 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया गया है। इसका कारण तीसरी तिमाही में अपेक्षा से बेहतर आर्थिक प्रदर्शन और चौथी तिमाही में मजबूत रफ्तार है। हालांकि, मुद्राकोष ने कहा कि आने वाले समय में भारत की वृद्धि दर में कुछ नरमी आ सकती है। वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28 में भारत की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, क्योंकि चक्रीय एवं अस्थायी कारकों का प्रभाव धीरे-धीरे कम होगा।

# रिलायंस, आईसीआईसीआई बैंक में बिकवाली से बाजार फिसला, सेंसेक्स 324 अंक टूटा



**मुंबई:** वैश्विक स्तर पर शुल्क से जुड़ी अनिश्चितताएं बढ़ने और रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं आईसीआईसीआई बैंक में भारी बिकवाली होने से सोमवार को स्थानीय शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 324 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 109 अंक टूटा। कारोबारियों के मुताबिक, कंपनियों के अपेक्षाकृत कमजोर तिमाही नतीजों, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में कमजोरी आने और शेयर बाजार से विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने से भी निवेशक धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 324.17 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83,246.18 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 672.04 अंक तक फिसलकर 82,898.31 पर आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 108.85 अंक यानी 0.42 प्रतिशत टूटकर 25,585.50 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में सर्वाधिक 3.04 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। कंपनी ने तीसरी तिमाही में 18,645 करोड़ रुपये का लगभग स्थिर शुद्ध लाभ दर्ज किया है। गैस उत्पादन में गिरावट और खुदरा कारोबार की कमजोरी ने अन्य क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन को संतुलित कर दिया। इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के शेयर में भी 2.26 प्रतिशत की गिरावट आई।

# सरकारी बैंकों ने डिजिटल ऋण मॉडल के तहत 52,300 करोड़ रुपये के एमएसएमई ऋण मंजूर किए

**नयी दिल्ली:** वित्त मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि डिजिटल ऋण मूल्यांकन कार्यक्रमों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने एक अप्रैल से 31 दिसंबर, 2025 के बीच 52,300 करोड़ रुपये से अधिक के 3.96 लाख से ज्यादा एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) ऋण आवेदनों को मंजूरी दी है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) ने 2025 में एमएसएमई के लिए डिजिटल गतिविधियों के रिकॉर्ड पर आधारित ऋण मूल्यांकन मॉडल (सीएएम) की शुरुआत की थी।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर तीन प्रतिशत टूटा

**नयी दिल्ली:** विविध कारोबार से जुड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. का शेयर सोमवार को तीन प्रतिशत तक गिर गया। कंपनी के तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा के बाद शेयर में यह गिरावट आई। दिसंबर तिमाही के शुक्रवार को घोषित नतीजों के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज का शुद्ध लाभ मामूली बढ़त के साथ 18,645 करोड़ रुपये रहा। गैस उत्पादन में कमी और खुदरा कारोबार में कमजोर रुख ने अन्य क्षेत्रों में हुए लाभ को बेअसर कर दिया। बीएसई पर रिलायंस का शेयर 3.04 प्रतिशत टूटकर 1,413.25 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3.72 प्रतिशत तक टूटकर 1,403.30 रुपये पर आ गया था। एनएसई पर कंपनी का शेयर तीन प्रतिशत गिरकर 1,413.60 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3.74 प्रतिशत टूटकर 1,403.30 रुपये पर आ गया था। इस गिरावट के बाद कंपनी का बाजार मूल्यांकन 60,016.51 करोड़ रुपये घटकर 19,12,476.70 करोड़ रुपये रह गया।

# रुपया 12 पैसे टूटकर 90.90 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबई, 19 जनवरी (भाषा) अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 12 पैसे की गिरावट के साथ 90.90 पर बंद हुआ। यह रिकॉर्ड निचले बंद स्तर से थोड़ा ही ऊपर है। धातु आयातकों की मजबूत डॉलर मांग और विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा। कारोबारी सूत्रों ने कहा कि बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता ने जोखिम से बचने की भावना को बढ़ाया है और उभरते बाजारों की मुद्राओं पर दबाव बनाए रखा है। घरेलू शेयरों में बिकवाली के दबाव ने निवेशकों के कारोबारी धारणा को और खराब किया। इसके अलावा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर नियंत्रण करने की उनकी योजना का विरोध करने पर यूरोपीय देशों पर शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे निवेशक भी चिंतित हैं।

# भारत कोकिंग कोल के शेयर की शानदार शुरुआत, 96.5 प्रतिशत चढ़ा

**नयी दिल्ली:** कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसी-सीएल) का शेयर अपने निर्गम मूल्य 23 रुपये से 96.5 प्रतिशत की बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 45.21 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 96.56 प्रतिशत अधिक था। एनएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 95.65 प्रतिशत की बढ़त के साथ 45 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 19,456.95 करोड़ रुपये रहा। बीसीसीएल ने 1,071 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 21-23 रुपये तक का मूल्य दायरा तय किया गया था।

# चीन की आर्थिक वृद्धि दर 2025 में पांच प्रतिशत पर

**बीजिंग:** चीन की अर्थव्यवस्था अमेरिकी शुल्क के बावजूद मजबूत निर्यात के दम पर पिछले साल पांच प्रतिशत बढ़कर 2001 अरब डॉलर तक पहुंच गई। वहीं इसकी सबसे बड़ी कमजोरी घरेलू खपत सुस्त बनी रही। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 2025 में चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वार्षिक आधार पर पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह देश के करीब पांच प्रतिशत के वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप है। एनबीएस के आंकड़ों के अनुसार, जीडीपी 21010 अरब डॉलर (140,187.9 अरब युआन) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

## वर्ग पहेली नं. 3327



*ऊपर से नीचे:-* 2) सिर्फ़, 3) गीला, 4) दूरी, 5) सघन, 6) उपाय, 8) कूड़ा, 9) अक़्ल, 10) भ्रम-मूलक बात, 12) मनचाहा, 14) रसोईघर, 15) सागर, 17) सम्राट, 20) लगभग, 22) लुब्ध होना, 24) बहुत, 25) कौशल्येय, 26) सैलाब. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) राज़ी; मतैक्य, 4) गणित की एक शाखा, 7) शरारत, 9) दिमाग़, 11) तीखे स्वादवाला; मसालेदार, 13) एक तिलहन, 14) एक धातु, 15) सारा, 16) पर्यंत, 17) उपरांत, 18) स्पष्ट; स्वच्छ, 19) कदाचित्, 20) बीच में, 21) प्रहार, 23) राजसी; वैभवशाली, 24) धनाढ्य, 25) रास्ता, 27) असफल, 28) अँगूठाछाप.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जी | ■ | बे | रो | ज़ | गा | र | ■ | बं | ■ |
| त | बा | ह | ■ | ■ | ली | ■ | स | द | मा |
| ■ | प | त | ■ | ना | ग | वा | र | ■ | न |
| ऊँ | ■ | र | ग | ■ | लौ | ■ | प | ■ | व |
| चा | ह | ■ | म | नो | ज | ■ | र | म | ता |
| ■ | स्त | ब | क | ■ | ■ | बि | स्त | र | ■ |
| ■ | क्षे | ■ | ■ | के | व | ल | ■ | घ | टा |
| अ | प | रं | पा | र | ■ | ■ | अ | ट | ल |
| न्न | ■ | ज | ■ | ल | बा | ल | ब | ■ | ना |

## सुडोकू-पहेली-3285

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 2 | | 5 | | |
| 2 | | | 6 | | | | | |
| | | | 3 | | 9 | 8 | | 1 |
| | 8 | | | | 2 | | | |
| 4 | 2 | | | | | | 7 | |
| | 5 | | 7 | | | | 3 | |
| | 4 | 6 | | | 3 | | 9 | |
| | | | | 1 | | | | |
| | 3 | | 9 | 6 | | | 5 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3284 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 5 | 8 |
| 9 | 8 | 5 | 1 | 7 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 3 | 6 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 | 5 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |

### एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसल का अभिषेक बनर्जी ने किया स्वागत, कहा...

# 'आज अदालत में उन्हें हराया, चुनाव में भी करारी शिकस्त देंगे'

**कोलकाता, समाज्ञा**



तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने उच्चतम न्यायाल द्वारा निर्वाचन आयोग को गणना फॉर्म के संबंध में सोमवार को दिए गए ताजा निर्देश को उनके मुंह पर दो करारे तमाचे करार दिया, जिन्होंने लोगों को मतदान के उनके मौलिक अधिकार से वंचित करने की कोशिश की। इस दिन, उत्तर 24 परगना जिले के बारासात में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए अभिषेक ने कहा कि अदालत में मिली इस जीत के बाद पार्टी को अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी जीत हासिल होगी। अभिषेक ने भाजपा की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह 'मां माटी मानुष' की जीत है। यह राज्य की जनता की उन लोगों पर जीत है, जिन्होंने मतदाता सूची से एक करोड़ नागरिकों के नाम मिटाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत ने उनके मुंह पर दो करारे तमाचे जड़े हैं, जिन्होंने न केवल राज्य की जनता को भूखा मारने की कोशिश की, बल्कि उन्हें मतदान के मौलिक अधिकार से वंचित करने का भी प्रयास किया। अभिषेक ने कहा कि आज हमने उन्हें अदालत में हराया। हम अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनावों में भी उन्हें करारी शिकस्त देंगे। तैयार रहें, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश या गुजरात नहीं है। इस राज्य ने राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम और पुनर्जागरण का मार्ग प्रशस्त किया। हम बाहरी लोगों के सामने सिर नहीं झुकाते। अभिषेक ने कहा कि भाजपा का एसआईआर खेल खत्म हो गया है। तृणमूल नेता ने कहा कि उनके पास जानकारी है कि शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग को सुनवाई के लिए उपस्थित मतदाताओं की ओर से पेश किए गए दस्तावेजों की रसीद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि तो मोदी जी, अब हमें बताइए कि कौन ज्यादा ताकतवर है? पश्चिम बंगाल के 10 करोड़ लोग या भाजपा के जमींदार? बाहर से आए उत्पीड़क या मेहनतकश जनता?

## एसआईआर : मंत्री ताजमुल हुसैन एवं विधायक नौशाद सिद्दीकी को सुनवाई के लिए बुलाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मंत्री व तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ताजमुल हुसैन को राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई के लिए तलब किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि तीन बार के विधायक हुसैन को सुनवाई का नोटिस इसलिए भेजा गया है, क्योंकि 2002 की मतदाता सूची में दर्ज उनके और उनके पिता के नाम में अंतर पाया गया है। अधिकारी के मुताबिक, राज्य के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा कपड़ा राज्य मंत्री हुसैन से 29 जनवरी को सुबह 10:30 बजे सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ सुनवाई के लिए पेश होने को कहा गया है। नोटिस पर प्रतिक्रिया देते हुए, हुसैन ने कहा कि यह वही निर्वाचन आयोग है, जिसने मुझे तीन बार विधानसभा चुनावों का विजेता घोषित किया और अब वह यह सत्यापित करने की कोशिश कर रहा है कि क्या मैं एक वैध मतदाता हूं। हुसैन ने कहा कि जिस निर्वाचन आयोग के तहत मैं तीन बार विधायक चुना गया हूं और वर्तमान में मंत्री हूं, वही आयोग अब यह सत्यापित करेगा कि मैं एक वैध मतदाता हूं या नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि लगभग तीन महीने बाद होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले किए जा रहे एसआईआर अभ्यास का मकसद राज्य में भाजपा को लाभ पहुंचाना है। हुसैन ने कहा कि राज्य की जनता राज्य में भाजपा सरकार स्थापित करने के मकसद से रची गई ऐसी सभी साजिशों का जवाब देगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि इंडियन सेक्युलर फ्रंट (आईएसएफ) के विधायक नौशाद सिद्दीकी को भी 27 जनवरी को जंगीपाड़ा ब्लॉक विकास कार्यालय में एसआईआर सुनवाई के लिए तलब किया गया है। अधिकारी के मुताबिक, हमें सिद्दीकी की ओर से पेश की जानकारी में विसंगतियां मिली हैं।

## 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' के नाम पर साजिश का आरोप

### बीएलए-2 के साथ वर्चुअल बैठक बुलाएंगे अभिषेक

**कोलकाता :** 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' के बहाने वैध मतदाताओं के नाम काटने की कथित कोशिश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इसी मुद्दे पर पार्टी के अखिल भारतीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने आगामी 22 जनवरी को वर्चुअल बैठक बुलाने का फैसला किया है। इस बैठक में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) के साथ-साथ पार्टी के नेता, मंत्री, विधायक और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, बैठक का मुख्य फोकस 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' से जुड़े मामलों पर रहेगा। अभिषेक बनर्जी चाहते हैं कि बीएलए-2 और संगठन से जुड़े सभी स्तर के नेता इस प्रक्रिया को पूरी तरह समझें और सतर्क रहें। बैठक में यह बताया जाएगा कि मतदाता सूची के संशोधन के नाम पर किन जगहों पर और किस तरह से नाम काटने की कोशिश की जा रही है।

सूत्रों का कहना है कि वर्चुअल बैठक में यह भी स्पष्ट किया जाएगा कि ऐसे मामलों की पहचान कैसे की जाए और उनके खिलाफ प्रभावी प्रतिरोध किस तरह खड़ा किया जाए। पार्टी का आरोप है कि मतदाता सूची में अनियमितता के जरिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश की जा रही है।

तृणमूल नेतृत्व का मानना है कि समय रहते संगठन को सतर्क कर इस तरह की कथित गड़बड़ियों को रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से अभिषेक बनर्जी ने यह वर्चुअल बैठक बुलाने का निर्णय लिया है।

## अदालती दबाव के बाद लंबे इंतज़ार का अंत, फरवरी से शुरू हो सकता है 100 दिन का काम

**कोलकाता :** लंबे समय से चली आ रही खींचतान, कानूनी लड़ाई और केंद्र-राज्य के बीच टकराव के माहौल के बाद राज्य में एक बार फिर 100 दिन के काम (मनरेगा) की शुरुआत होने के संकेत मिले हैं। स्पष्ट संकेत हैं कि यह योजना फरवरी महीने से ज़मीन पर उतर सकती है।

राज्य पंचायत विभाग ने फरवरी और मार्च महीने के लिए सभी ज़िलों को 'लेबर बजट' तैयार करने का निर्देश जारी किया है। यह निर्देश ज़िला प्रशासन के माध्यम से ब्लॉक स्तर तक पहुंच चुका है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, राज्य पंचायत विभाग के 100 दिन के काम के प्रभारी आयुक्त ने हाल ही में सभी ज़िलाधिकारियों को पत्र भेजकर जल्द से जल्द लेबर बजट तैयार कर राज्य को भेजने को कहा है।

उसके बाद संबंधित बीडीओ (ब्लॉक विकास अधिकारी) को आवश्यक आंकड़े जुटाने और योजनाओं की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। पश्चिम मेदिनीपुर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नई गाइडलाइन के अनुसार ही काम और परियोजनाओं का चयन करना होगा। उन्होंने कहा, अब पहले की तरह सभी परियोजनाएं नहीं चलेंगी। नई दिशा-निर्देशों के तहत ही काम तय किया जाएगा।

गौरतलब है कि लंबे समय से 100 दिन के काम को लेकर राज्य के लाखों श्रमिक वंचित थे। अदालत के हस्तक्षेप और लगातार दबाव के बाद अब इस योजना के दोबारा शुरू होने की उम्मीद जगी है। अगर सब कुछ तय योजना के मुताबिक चला, तो फरवरी से ग्रामीण इलाकों में रोजगार के नए अवसर खुल सकते हैं।

## केंद्रीय समिति की मंजूरी, गणतंत्र दिवस पर दिखेगी बंगाल की झांकी



**कोलकाता :** लंबे समय से चली आ रही खींचतान और कई दौर की बैठकों के बाद आखिरकार दिल्ली में गणतंत्र दिवस की परेड के लिए पश्चिम बंगाल की झांकी को मंजूरी मिल गई है। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र और राज्य के बीच झांकी के चयन को लेकर जारी विवाद का इस बार अंत हो गया। सूत्रों के अनुसार, शुरुआती आपत्तियों के बावजूद रक्षा मंत्रालय के अधीन विशेषज्ञ समिति ने अंततः बंगाल के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी। शुरुआत में राज्य को 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर थीम तैयार करने का सुझाव दिया गया था। हालांकि, पश्चिम बंगाल की ओर से प्रस्तावित थीम थी-'स्वतंत्रता आंदोलन में बंगाल की भूमिका'। केंद्र के सुझाव से अलग थीम होने के कारण पहले चरण में बंगाल की झांकी को स्वीकृति नहीं मिली। इसके बाद विशेषज्ञ समिति और राज्य के प्रतिनिधियों के बीच लगभग पांच दौर की बैठकें हुईं। राज्य का आरोप था कि झांकी के विभिन्न पहलुओं को लेकर बार-बार आपत्तियां उठाकर समिति अनावश्यक देरी कर रही थी।

समिति का सवाल था कि बंगाल 'वंदे मातरम्' की थीम को छोड़कर स्वतंत्रता आंदोलन को क्यों सामने ला रहा है। लंबी चर्चा के बाद राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि झांकी में 'वंदे मातरम्' की भावना के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन में बंगाल के गौरवशाली योगदान को भी समग्र रूप से दर्शाया गया है। इसी समन्वय के आधार पर अंततः बंगाल की झांकी को मंजूरी मिल गई। अब आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की भव्य परेड में देश के 17 राज्यों के साथ पश्चिम बंगाल की झांकी भी देखने को मिलेगी।

## बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया जरूरी है, लेकिन ठीक से नहीं की जा रही : चंद्र कुमार बोस



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित सुनवाई में पेश हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पौत्र चंद्र कुमार बोस ने सोमवार को कहा कि यह प्रक्रिया 'महत्वपूर्ण' है लेकिन ठीक ढंग से नहीं की जा रही है। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को 'उत्पीड़न जैसा' करार दिया और दावा किया कि इसमें स्पष्टता की कमी है। बोस ने बताया कि वह, उनकी पत्नी और बेटी 16 जनवरी को सुनवाई के लिए उपस्थित हुए जबकि उनके दो बेटे, जो विदेश में हैं, ने उन्हें अपनी ओर से पेश होने के लिए अधिकृत किया था। उन्होंने कहा कि एसआईआर महत्वपूर्ण है, लेकिन जिस तरह से इसका संचालन किया जा रहा है वह उचित नहीं है। एसआईआर के नाम पर आम लोगों को परेशान किया जा रहा है। मुझे इसे इतनी जल्दबाजी में आयोजित करने का कोई कारण समझ नहीं आता। बोस ने दावा किया कि उन्होंने और उनके परिवार के सदस्यों ने अपने जनगणना प्रपत्रों के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि फिर भी हमें सुनवाई के लिए बुलाया गया। इसका कारण बेहद चौंकाने वाला था, क्योंकि मतदान अधिकारियों ने कहा कि डेटा को जोड़ने में समस्या थी। मैं इसलिए शिकायत नहीं कर रहा हूं कि मुझे एसआईआर के लिए बुलाया गया था, बल्कि इसलिए कर रहा हूं क्योंकि पूरी प्रक्रिया अव्यवस्थित और बिना किसी स्पष्टता के है। बोस ने दावा किया कि यह सरासर उत्पीड़न के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने प्रश्न किया कि पहले उन्होंने कहा कि मेरा नाम 2002 की मतदाता सूची में नहीं मिला और बाद में उन्हें मेरा नाम मिल गया। अब, सभी वैध दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा करने के बाद, वे दावा कर रहे हैं कि लिंकिंग में समस्या थी। अगर यह तकनीकी समस्या है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

## हाई कोर्ट पहुंचा बेलडांगा हिंसा का मामला, केंद्रीय बलों की तैनाती और एनआईए जांच की मांग

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुर्शिदाबाद जिले के हिंसा प्रभावित बेलडांगा में केंद्रीय बलों की तैनाती के अनुरोध को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर की गई। याचिकाकर्ता के वकील बिलवादाल भट्टाचार्य ने कहा कि याचिका पर मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष सुनवाई होने की संभावना है। याचिका में सवाल उठाया गया है कि बेलडांगा में स्थिति पर शुरुआत में ही क्यों नहीं काबू पाया जा सका, जब 16 जनवरी को प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को घंटों अवरुद्ध किया और टायर जलाए। याचिककर्ता ने बेलडांगा हिंसा की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से कराए जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को झारखंड में बेलडांगा के एक प्रवासी मजदूर की कथित अप्राकृतिक मौत के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को लगभग छह घंटे तक अवरुद्ध कर दिया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने प्रदर्शन को कवर कर रही एक महिला पत्रकार पर हमला कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी मतिउर रहमान समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। शनिवार की सुबह प्रदर्शनकारियों ने बिहार में मुर्शिदाबाद के एक प्रवासी मजदूर के साथ कथित बदसलूकी के विरोध में सड़क और रेल मार्ग अवरुद्ध किया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया और सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद विभिन्न जगहों से 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### मेस्सी के कार्यक्रम में अव्यवस्था : शताद्रु दत्ता को 37 दिन बाद मिली सशर्त जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना की एक अदालत ने अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी के एक कार्यक्रम में मची अव्यवस्था के बाद गिरफ्तार किए गए 'इवेंट मैनेजमेंट' कंपनी के मालिक शताद्रु दत्ता को सोमवार को जमानत दे दी। बता दें कि शताद्रु दत्ता को सॉल्टलेक स्टेडियम में 13 दिसंबर को हुए कार्यक्रम के दौरान कथित कुप्रबंधन के आरोप में पिछले साल 13 दिसंबर को ही गिरफ्तार कर लिया गया था।विधाननगर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) ने दत्ता को जमानत दी। अदालत ने उन्हें 20,000 रुपये के मुचलके और इतनी ही राशि के दो जमानतदार पेश करने पर जमानत प्रदान की। दत्ता पर सरकार की पूर्व अनुमति के बिना खाद्य और पेय आपूर्तिकर्ताओं के साथ अनुबंध करने का भी आरोप है। वह शुरुआत में पुलिस रिमांड में रहने के बाद न्यायिक हिरासत में थे।

## दत्ताबाद स्वर्ण व्यवसायी हत्याकांड: राजगंज के बीडीओ को आत्मसमर्पण का आदेश, सुप्रीम कोर्ट ने तय की डेडलाइन



**कोलकाता :** सॉल्टलेक के दत्ताबाद इलाके में स्वर्ण व्यवसायी स्वपन कामिल्या के अपहरण और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने इस मामले के मुख्य आरोपी बताए जा रहे राजगंज के बीडीओ प्रशांत बर्मन को निश्चित समय-सीमा के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने साफ किया है कि उन्हें आगामी शुक्रवार, यानी 23 जनवरी तक निचली अदालत में आत्मसमर्पण करना होगा।

सोमवार को न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने सुनवाई के दौरान आदेश दिया कि प्रशांत बर्मन को निर्धारित समय के भीतर आत्मसमर्पण करना ही होगा। आत्मसमर्पण के बाद वह नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि जांच के हित में पुलिस जमानत का विरोध कर सकती है और आरोपी को हिरासत में लेने की मांग निचली अदालत के समक्ष रख सकती है।

गौरतलब है कि 29 अक्टूबर को न्यूटाउन के यात्रीगाछी इलाके से स्वर्ण व्यवसायी स्वपन कामिल्या का शव बरामद हुआ था। इस घटना के बाद परिवार की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की। मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि जांच के दौरान 'मुख्य आरोपी' के तौर पर राजगंज के बीडीओ प्रशांत बर्मन का नाम सामने आया।

गिरफ्तारी से बचने के लिए प्रशांत बर्मन ने बारासात की एक अदालत से अग्रिम जमानत हासिल की थी। हालांकि, विधाननगर पुलिस ने उस आदेश को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने बारासात अदालत द्वारा दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करते हुए सवाल उठाया था कि इतने गंभीर मामले में जमानत कैसे दी गई। उस समय हाईकोर्ट ने बीडीओ को 72 घंटे के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश भी दिया था।

लेकिन निर्धारित समयसीमा के भीतर आत्मसमर्पण न कर प्रशांत बर्मन हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट ने भी उन्हें कोई राहत नहीं दी। शीर्ष अदालत ने दो टूक कहा है कि तय समयसीमा के भीतर उन्हें कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए निचली अदालत में आत्मसमर्पण करना होगा। आत्मसमर्पण के बाद जमानत पर फैसला निचली अदालत करेगी, जहां पुलिस जांच के आधार पर अपनी आपत्ति और हिरासत की मांग रख सकती है।

### हाई कोर्ट ने कोलकाता में बढ़ते प्रदूषण पर खुद ही लिया संज्ञान

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने सोमवार को पश्चिम बंगाल, खासकर राज्य की राजधानी कोलकाता में बढ़ते प्रदूषण का खुद संज्ञान लिया। इसके तहत, इस मामले में मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ के सामने एक स्वतः संज्ञान जनहित याचिका दर्ज की गई है। साथ ही, इस मुद्दे पर दायर की गई दो अन्य जनहित याचिकाओं को भी इस स्वतः संज्ञान जनहित याचिका से जोड़ दिया गया है। इस मामले की सुनवाई 28 जनवरी को होगी। पिछली जनहित याचिकाओं से जुड़े सभी पक्षों को उस दिन कोर्ट में मौजूद रहने की सलाह दी गई है। पता चला है कि स्वतः संज्ञान जनहित याचिका के संबंध में केंद्र और पश्चिम बंगाल दोनों सरकारों को नोटिस जारी किए गए हैं। केंद्र सरकार ने पहले ही नोटिस मिलने की पुष्टि कर दी है। कलकत्ता हाई कोर्ट ने मौजूदा सर्दियों के मौसम में कोलकाता में बढ़ते प्रदूषण के स्तर और लगातार बिगड़ते एयर क्वालिटी इंडेक्स के मामले में स्वतः संज्ञान लिया।

## पर्णश्री थाना क्षेत्र में बुज़ुर्ग गायिका की हत्या, घरेलू सहायिका गिरफ्तार

**कोलकाता :** पर्णश्री थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सनसनीखेज हत्या की घटना सामने आई। 64 वर्षीय अनीता घोष उर्फ बुला की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने 34 वर्षीय संजू सरकार को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस के जॉइंट सीपी (क्राइम) रूपेश कुमार ने घटना की पुष्टि की है। बताया गया है कि अनीता घोष अपने बीमार और बिस्तर पर पड़े पति अरूप घोष के साथ रहती थीं और ऑनलाइन संगीत की कक्षाएं लेती थीं, जबकि उनका बेटा अलग फ्लैट में रहता है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, सोमवार सुबह करीब नौ बजे पर्णश्री थाने को एक अस्वाभाविक मौत की सूचना मिली। पुलिस जब बेचाराम चटर्जी रोड स्थित पीड़िता के आवास पर पहुंची, तब पता चला कि घायल अवस्था में अनीता घोष को उनका बेटा पहले ही बेहाला के निजी अस्पताल ले जा चुका है। पुलिस की एक टीम तुरंत अस्पताल पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जांच के दौरान पुलिस को संजू सरकार नामक एक महिला पर संदेह हुआ, जिसे हिरासत में लेकर पर्णश्री थाने लाया गया और पूछताछ शुरू की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसने बताया कि वह पीड़िता को पहले से जानती थी और करीब दो साल पहले कुछ दिनों तक उनके घर में आया (घरेलू सहायिका) के रूप में काम कर चुकी थी।

आरोपी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह पीड़िता के घर पहुंची और उससे पैसे की मांग की। पीड़िता ने पैसे देने से इनकार कर दिया। इसी दौरान आरोपी ने चाकू से पीड़िता की ठोड़ी और पेट पर हमला कर दिया। पीड़िता ने खुद को बचाने की कोशिश की, जिससे आरोपी को भी हल्की चोटें आईं। हमले के बाद पीड़िता बेहोश हो गई।

आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने अलमारी से सोने के गहने और नकदी निकाल ली। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी को औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है और आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। आरोपी संजू सरकार को सोमवार शाम 4:15 बजे पर्णश्री थाने के आईओ कक्ष से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।


**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं. केपीए/ईनी/ओटी-14/25-26, दिनांक 13.01.2026। उप मुख्य विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, पिन-743145, 24-परगना (उत्तर), पश्चिम बंगाल द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए मजबूत वित्तीय क्षमता रखने वाले प्रतिष्ठित, स्थापित एवं सरकारी लाइसेंस प्राप्त अनुभवी विद्युत ठेकेदारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सं.: केपीए/ईनी/ओटी-14/25-26। कार्य का नाम : डेपुटी सीईई (जी)/कांचरापाड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन शॉप-35/कांचरापाड़ा के फोरमैन कॉलोनी सबस्टेशन के अधीन विभिन्न विद्युतीय सम्पत्तियों/प्रणालियों तथा विद्युतीय ऊर्जा आपूर्ति के दैनिक संचालन, रखरखाव तथा ब्रेकडाउन सुधार के लिए परिणाम एवं कार्यकलाप आधारित आउटसोर्सिंग। निविदा आंकलित लागत : रु. 2,66,55,836.85 (जीएसटी एवं अन्य सभी कर/शुल्क सहित)। बयाना राशि: रु. 2,83,300/-। निविदा प्रपत्र की कीमत: शून्य। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 04.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे। कार्य समापन अवधि: 03 वर्ष। निविदा का सम्पूर्ण विवरण तथा दस्तावेज एवं अन्य ब्यौरा वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर देखे एवं वहां से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोलियां ई-निविदा प्रणाली के जरिए उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 04.02.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(MISC-362/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं. 252_2025-26, दिनांक 16.01.2026. वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधीन: कार्य का विवरण: सीनि. डीईएन/एचक्यू/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन हावड़ा यार्ड, झील साइडिंग, टिकियापाड़ा तथा उसके आस-पास फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प का प्रावधान तथा निकासी व्यवस्था का सुधार कार्य। अनुमानित लागत: रु. 4,64,73,899.49; बयाना राशि: रु. 3,82,400। निविदा प्रपत्र की कीमत: शून्य। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 18 (अठारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 13.02.2026 को अपराह्न 2.00 बजे। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान- ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-549/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **उप मुख्य परिचालन प्रबंधक/अनु. एवं परि.**, मेट्रो रेलवे/ कोलकाता द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष इ-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खोलने की तिथि **10.02.2026 को 15.00 बजे** है। इस निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं इस प्रकार प्राप्त कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव मान्य नहीं है। **कार्य का विवरण :** ब्लू लाइन मेट्रो कॉरिडोर के दमदम, चाँदनी चौक, सेंट्रल, एस्प्लानेड, रबींद्र सदन, कालीघाट, महानायक उत्तमकुमार, कवि नजरूल और कवि सुभाष स्टशनों में प्रतिस्थापन एवं संयोजन पर एएफसी-पीसी सिस्टम के लिए ऑटोमेटिक गेटों (एजी) की डिजाइन, आपूर्ति, परीक्षण, स्थापना और आरंभ करना। **निविदा लागत :** रु.25,72,77,481/-, **बयाना राशि :** रु. 14,36,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00, **कार्य समापन :**08 माह। निविदा वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाकार के पास क्लास-III डिजिटल सिगनेचर सर्टिफिकेट अवश्य रहे एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर पन्जीकृत रहे। केवल पन्जीकृत निविदादाता इ-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। इ-निविदा में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं।

**खुली निविदा सूचना सं. : ऑपरेटिंग-एएफसी-पीसी-एजी-एनएस-2026 दिनांक: 19.01.2026**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**बी.आर. सिंह अस्पताल, सियालदह में सीनियर रेसिडेंट्स की नियुक्ति**

**वॉक-इन-इंटरव्यू**

चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, कोलकाता-700014 के कार्यालय में नीचे दिए गए नियमों और शर्तों के तहत निम्नलिखित सीनियर रेसिडेंट के चयन के लिए **दिनांक 02.02.2026 (सोमवार) को सुबह 11.00 बजे** वॉक-इन-इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा। आवेदक सीवी और 03 पासपोर्ट माप के फोटो के साथ आवेदन, सभी मूल कागजात (इनकी एक सेट फोटोकॉपी के साथ), मार्क शीट और प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, पंजीकरण, अनुभव प्रमाण पत्र साथ लाएंगे। **पद का नाम, क्षेत्र और रिक्त पद निम्नानुसार हैं: (1) सीनियर रेसिडेंट्स (अकाडेमिक), जनरल मेडिसिन-01 + पैनल, एनेस्थेसियोलॉजी-01+ पैनल, ऑप्थेल्मोलॉजी-01 + पैनल = कुल 03 पद (अनारक्षित-01, अन्य पिछड़ा वर्ग-01 और अनुसूचित जाति-01)। (2) सीनियर रेसिडेंट (नॉन-अकाडेमिक), कार्डियोलॉजी-01 + पैनल = कुल 01 पद (अनारक्षित-01)। न्यूनतम पेशेवर योग्यता:** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री। ● 7वें सीपीसी के अनुसार केंद्र सरकार के तहत स्वीकार्य पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। ● साक्षात्कार और जॉइनिंग के उद्देश्य के लिए कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं होगा। ● किसी भी चरण में किसी भी तथ्य को छिपाने पर उम्मीदवारी तुरंत समाप्त हो जाएगी। ● विस्तृत जानकारी **पूर्व रेलवे की वेबसाइट http://www.er.indianrailways.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**चिकित्सा निदेशक, बी.आर.सिंह अस्पताल, सियालदह**

**पूर्व रेलवे**

**कामाख्या-हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस**

**नियमित यात्रा**

कामाख्या एवं हावड़ा के बीच एक वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारम्भ किया गया है। **कामाख्या से 27576 कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस** की नियमित सेवा **दिनांक 22.01.2026** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से शुरू होगी एवं **हावड़ा से 27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस** की नियमित सेवा **दिनांक 23.01.2026** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख) से शुरू होगी। यह ट्रेन नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, ठहराव तथा गठन के अनुसार चलेगी:

| कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर | | 27576 27575 स्टेशन | हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| - | 18.15 | ↓ कामाख्या | 08.20 | - |
| 23.30 | 23.40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 01.40 | 01.50 |
| 03.25 | 03.35 | मालदा टाउन | 22.50 | 23.00 |
| 04.02 | 04.04 | न्यू फरक्का जंक्शन | 21.48 | 21.50 |
| 04.57 | 05.02 | आजिमगंज | 20.50 | 20.55 |
| 05.46 | 05.48 | कटवा जंक्शन | 20.03 | 20.05 |
| 06.13 | 06.15 | नबद्वीप धाम | 19.36 | 19.38 |
| 06.58 | 07.00 | बैण्डेल | 18.56 | 18.58 |
| 08.15 | - | हावड़ा ↑ | - | 18.20 |

ऊपर उल्लेखित ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में रंगिया, न्यू बंगाईगाँव, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू कोचबिहार, जलपाईगुड़ी रोड एवं अलुआबाड़ी रोड स्टेशनों में भी ठहरेगी। **यात्रा के दिन : कामाख्या से 27576** दिनांक 22.01.2026 से सप्ताह में छह दिन (बुधवार छोड़कर) चलेगी तथा **हावड़ा से 27575** दिनांक 23.01.2026 से सप्ताह में छह दिन (गुरुवार छोड़कर) चलेगी। **गठन:** 3एसी-11, 2एसी-4, 1एसी-1 = 16 कार। **श्रेणी:** वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
- MATRIMONIAL
- EDUCATION
- OBITUARY
- PROPERTY
- NAME CHANGE
- REMEMBRANCE
- RECRUITMENT
- PUBLIC NOTICE
- DISPLAY

TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# अगले महीने ही उच्च माध्यमिक परीक्षा, बीएलओ की जिम्मेदारी के बीच शिक्षकों की ड्यूटी अवधि तय

**कोलकाता :** बीएलओ की जिम्मेदारी निभाने के साथ उच्च माध्यमिक परीक्षा की तैयारी और आयोजन-आने वाली माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षाओं से पहले शिक्षकों पर काम का दबाव बढ़ गया है। चुनाव आयोग के कार्यों के साथ-साथ नियमित पठन-पाठन और अब परीक्षा ड्यूटी को संतुलित करने के लिए उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने शिक्षकों की परीक्षा संबंधी ड्यूटी की अधिकतम अवधि तय कर दी है। परिषद का कहना है कि अतिरिक्त या अनियमित काम की शिकायतों से बचने के लिए यह कदम उठाया गया है।



उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने पहले ही विभिन्न स्कूलों के प्रधान शिक्षकों को इस संबंध में दिशानिर्देश भेज दिए हैं। निर्देश के अनुसार, थ्योरी परीक्षा में हेड एग्ज़ामिनर को अधिकतम 21 दिनों तक ही ड्यूटी दी जा सकेगी। एग्ज़ामिनर अधिकतम तीन दिन काम करेंगे। स्क्रूटिनियर की ड्यूटी अवधि अधिकतम 10 दिन तय की गई है। जिला सलाहकार परिषद (डिस्ट्रिक्ट एडवाइजरी काउंसिल) के सदस्य शिक्षकों को अधिकतम 16 दिनों की ड्यूटी मिलेगी। परिषद के नामित सदस्यों (नॉमिनी) को अधिकतम 13 दिनों का समय दिया जाएगा। छुट्टी या रविवार को काम करने पर 'ऑन ड्यूटी' माना जाएगा।

शिक्षा परिषद का मानना है कि इस व्यवस्था से परीक्षा कार्य सुचारु रूप से चलेगा और शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव भी नहीं पड़ेगा।

### माध्यमिक परीक्षा पर असर की आशंका, एसआई और बीएलओ को छूट देने की मांग

**कोलकाता :** राज्य में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) की सुनवाई प्रक्रिया के बीच ही माध्यमिक परीक्षा होने जा रही है। ऐसे में ज़िलों में माध्यमिक परीक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे सब-इंस्पेक्टर ऑफ स्कूल्स (एसआई) को एसआईआर के तहत एईआरओ की जिम्मेदारी दिए जाने से परीक्षा संचालन पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। कई स्कूल शिक्षकों के बीएलओ होने के कारण भी चिंता बढ़ गई है कि परीक्षा व्यवस्था कैसे सुचारु रूप से चलेगी। माध्यमिक और उच्च माध्यमिक परीक्षाओं की तैयारी को लेकर नवान्न में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। बैठक के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने चुनाव आयोग को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। विभाग की ओर से मांग की जाएगी कि माध्यमिक परीक्षा के दौरान एसआई और बीएलओ के रूप में कार्यरत शिक्षकों को एसआईआर के काम से छूट दी जाए या कम से कम यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा ड्यूटी के समय उनकी उपस्थिति बाधित न हो। इस संबंध में चुनाव आयोग को पत्र भेजा जा रहा है।

## एसएससी : सुप्रीम कोर्ट ने 2016 की चयन प्रक्रिया के गैर-नियुक्त उम्मीदवार को उम्र में छूट देने वाले आदेश पर लगाई रोक

**नई दिल्ली/कोलकाता :** एसएससी की परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें अभ्यर्थियों को एसएससी की परीक्षाओं में शामिल होने के लिए आयु में छूट दिए जाने की बात कही गई थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे हजारों अभ्यर्थी प्रभावित होंगे। शीर्ष अदालत ने 2016 की एसएससी परीक्षा से जुड़े मामले में हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगाई है, जिसमें बेदाग लेकिन गैर-चयनित अभ्यर्थियों को चल रही एसएससी परीक्षाओं में आयु-छूट देने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि उसके मूल फैसले



का उद्देश्य सभी बेदाग लेकिन चयन से वंचित अभ्यर्थियों के लिए नई परीक्षा या आयु-सीमा में छूट का रास्ता खोलना नहीं था। अदालत ने स्पष्ट किया कि यह राहत केवल उन अभ्यर्थियों तक सीमित थी, जो बेदाग होने के साथ-साथ चयनित भी थे, लेकिन बाद में विवाद या अनियमितताओं के कारण प्रभावित हुए थे। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, हाई कोर्ट की सिंगल बेंच द्वारा वेटिंग लिस्ट में शामिल ऐसे अभ्यर्थियों को भी आयु-छूट देने का निर्देश देना उसके पूर्व आदेश की मंशा के खिलाफ था। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि हाई कोर्ट का आदेश उसके फैसले के दायरे का अनुचित विस्तार करता है, जिससे बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल सकता था। इससे न सिर्फ भर्ती प्रक्रिया प्रभावित होती, बल्कि प्रशासनिक जटिलताएं भी बढ़ सकती थीं। इन परिस्थितियों में सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर तत्काल रोक लगाते हुए कहा कि अंतिम निर्णय आने तक इस पर कोई अमल नहीं किया जाएगा। इस आदेश से एसएससी की चल रही परीक्षाओं में आयु-छूट को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है और भर्ती प्रक्रिया से जुड़ा असमंजस भी खत्म हुआ है।

## कोलकाता में दो अलग-अलग स्थानों पर फांसी लगाकर आत्महत्या

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में सोमवार को दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से फांसी लगाकर आत्महत्या की दो घटनाएं सामने आई हैं। इन घटनाओं में एक युवक और एक वृद्धा की मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस को कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पहली घटना, बांसद्रोणी थाना क्षेत्र की है। यहां सोनाली पार्क इलाके के सी-132 नंबर मकान में रहने वाली शकुंतला जाना (69) को उनके घर में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर एम.आर. बांगुर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, वृद्धा को साड़ी से छत के पंखे में फांसी लगाई हुई अवस्था में पाया गया। दूसरी घटना, करया थाना क्षेत्र की है। न्यू कासिया बागान लेन स्थित चार मंजिला आवासीय इमारत के प्रथम तल पर एक बाथरूम से युवक शेख असराफुल नजीर (21) का शव बरामद किया गया। युवक को दीवार में लगे लोहे के पाइप से 'गमछा' के सहारे फांसी पर लटका पाया गया। परिजन उसे तुरंत सी.एन.एम.सी. अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस दोनों मामलों में अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## गंगासागर मेला 2026 में श्री कपिलमुनी चेरिटेबल ट्रस्ट की अनुकरणीय सेवा, लाखों श्रद्धालुओं को मिला सहारा

**गंगासागर :** गंगासागर मेला 2026 के पावन अवसर पर श्री कपिलमुनी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से श्रद्धालुओं के लिए व्यापक सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। पवित्र गंगा एवं संगम में पुण्य स्नान तथा भगवान कपिलमुनी के दर्शन हेतु गंगासागर द्वीप पर देशभर से पहुंचे लाखों श्रद्धालुओं के लिए भगवान कपिलमुनी और परम पूज्य महंत श्री ज्ञानदासजी महाराज की असीम कृपा से अन्नपूर्णा सेवा, गौ माता की सेवा तथा यात्रियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्थाएं की गईं, जिससे यह सेवा आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

ट्रस्ट द्वारा विभिन्न राज्यों से पवित्र स्नान हेतु आए हजारों श्रद्धालुओं के लिए 10 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक निरंतर अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रसाद





स्वरूप मसाला चाय, बिस्किट, नाश्ता तथा सात्विक भोजन का वितरण प्रातः 5:30 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक अविराम रूप से किया गया।

श्री कपिलमुनी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित गंगासागर द्वीप का एकमात्र गौ सेवा धाम भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मकर संक्रांति के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गौ माता के दर्शन कर सेवा का सौभाग्य प्राप्त किया और स्वयं को धन्य अनुभव किया।

ट्रस्ट की ओर से गंगासागर भवन के कर्मचारियों, रसोई में सेवा देने वाले महाराज, सरकारी अधिकारियों, पुलिस विभाग, अग्निशमन विभाग तथा विशेष रूप से एनडीआरएफ टीम का आभार व्यक्त किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर कड़ाके की ठंड में इस सेवा आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के ट्रस्टी रामनिवास जिंदल, सत्यनारायण ढाणेवाल, सुभाष अग्रवाल, अनिल पसारी, परेश दफ्तरी सहित सेवाभावी हनुमान जिंदल, प्रदीप गुप्ता, प्रेम अग्रवाल, रामबाबू गोयल, विजय अग्रवाल, सरल जिंदल, रतनेश पांडे, गोपाल, नीरज मिश्रा, मुकेश कामदार, भरत शाह, हिनाबेन दोशी और मोनाबेन शाह ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## सरकारी जमीन पर तो नहीं लगीं? मेसी-माराडोना की मूर्तियों पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

युवभारती कांड में 'लियोनेल मेसी गोट टूर' के आयोजक शतद्रु दत्त को जमानत मिलने के दिन ही फुटबॉल प्रेमियों के बीच नई बहस छिड़ गई है। लियोनेल मेसी और डिएगो माराडोना की मूर्तियों को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने बड़ा सवाल उठाया है। अदालत ने राज्य सरकार और दमदम नगर निगम से यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्या ये मूर्तियां सरकारी जमीन पर स्थापित की गई हैं या नहीं।

लेक टाउन स्थित श्रीभूमि स्पोर्टिंग क्लब के पास मेसी और माराडोना की मूर्तियां लगाए जाने के मामले में स्वदेश मजूमदार ने जनहित याचिका दायर की थी। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की डिवीजन बेंच ने संबंधित पक्षों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

अदालत ने निर्देश दिया है कि तीन सप्ताह के भीतर सभी आवश्यक जानकारी रिपोर्ट के रूप में पेश की जाए। रिपोर्ट में यह स्पष्ट करना होगा कि मूर्तियां किस जमीन पर स्थापित की गई हैं, वह जमीन सरकारी है या निजी, और यदि सरकारी भूमि पर मूर्तियां लगाई गई हैं तो क्या इसके लिए नियमों के अनुसार पूर्व अनुमति ली गई थी।

हाईकोर्ट के इस निर्देश के बाद राज्य सरकार और दमदम नगर निगम पर दबाव बढ़ गया है। मामले की अगली सुनवाई रिपोर्ट दाखिल होने के बाद होगी, जिसके आधार पर अदालत आगे का निर्णय लेगी।

## मालदह के आदिना मस्जिद को आदिनाथ मंदिर के रूप में पुनर्स्थापित करने की मांग, हाई कोर्ट में याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह जिले में स्थित ऐतिहासिक अदीना स्मारक को लेकर कलकत्ता हाइ कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर कर दावा किया गया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने अदीना मस्जिद के रूप में इस स्थल को गलत तरीके से वर्गीकृत किया, जबकि वहां हिंदू देवी-देवताओं की प्रतिमाएं और मंदिर के स्पष्ट अवशेष मौजूद हैं। मुख्य न्यायाधीश सुजय पॉल और जस्टिस पार्थ सारथी सेन की खंडपीठ ने सोमवार को इस मामले पर सुनवाई की। याचिकाकर्ता अधिवक्ता हरि शंकर जैन ने मांग की कि एएसआई को इस संरक्षित स्मारक के धार्मिक चरित्र की पुन: जांच करने का निर्देश दिया जाए और



जब तक जांच पूरी नहीं होती, तब तक हिंदू समुदाय को वहां पूजा-अर्चना की अनुमति दी जाए। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने यह सवाल उठाया कि क्या एएसआई के पास किसी स्थल के धार्मिक चरित्र को एक बार अधिसूचित करने के बाद उसे दोबारा बदलने की शक्ति है? अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि जब तक किसी स्मारक का धार्मिक चरित्र कानूनी रूप से निर्धारित नहीं हो जाता, तब तक पूजा की अनुमति या नाम बदलने जैसे राहत संबंधी आदेश जारी नहीं किए जा सकते। अदालत ने याचिकाकर्ता से यह भी पूछा कि कानून की कौन-सी धारा एएसआई को पहले से तय किए गए चरित्र की समीक्षा करने या उसे फिर से निर्धारित करने का अधिकार देती है। अदालत ने गौर किया कि याचिकाकर्ता ने संसद में दिए गए उन जवाबों या सहायक दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर नहीं रखा है, जिनका वे जिक्र कर रहे हैं। खंडपीठ ने याचिकाकर्ता को 10 दिनों के भीतर एक पूरक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 फरवरी को होगी।

## सागरद्वीप में वीर अभिमन्यु स्पोर्टिंग क्लब की सेवा से तीर्थयात्रियों को बड़ी राहत



**कोलकाता, समाज्ञा :** वीर अभिमन्यु स्पोर्टिंग क्लब की ओर से सागरद्वीप में 10 से 17 जनवरी तक तीर्थयात्रियों की सेवा की गई। क्लब ने हजारों श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, चाय, महाप्रसाद (खिचड़ी) और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की। संस्था के चेयरमैन गोरधन निगानिया ने बताया कि दो तीर्थयात्रियों के निधन के बाद प्रशासन के निर्देशानुसार उनका अंतिम संस्कार भी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस सेवा कार्य में सत्यनारायण हेतमपुरिया, मुकेश निगानिया, सुशील सरावगी, रामबाबू अग्रवाल, धनिया निगानिया, नवीन झा, राजेन्द्र निगानिया, जीतू ओझा सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## हावड़ा-कामाख्या के बीच वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस से यात्रियों को मिलेगा आधुनिक रेल अनुभव

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा और कामाख्या के बीच देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 17 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही 27575/27576 हावड़ा-कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस का नियमित परिचालन प्रारंभ होने जा रहा है, जिससे पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत के बीच रेल संपर्क को उल्लेखनीय मजबूती मिलेगी। रेलवे के अनुसार, यह ट्रेन कामाख्या से 22 जनवरी से तथा हावड़ा से 23 जनवरी से नियमित रूप से चलेगी। 27576 कामाख्या-हावड़ा वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस प्रतिदिन (बुधवार को छोड़कर) शाम 6:15 बजे कामाख्या



से रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:15 बजे हावड़ा पहुंचेगी। वहीं, 27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस प्रतिदिन (गुरुवार को छोड़कर) शाम 6:20 बजे हावड़ा से प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 8:20 बजे कामाख्या पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बंडेल, नवद्वीप धाम, कटवा, अजीमगंज, न्यू फरक्का, मालदह टाउन, अलुआबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, जलपाईगुड़ी रोड, न्यू कूचबिहार, न्यू अलीपुरद्वार, न्यू बोंगाईगांव और रंगिया स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन में पूर्णत: वातानुकूलित स्लीपर कोच उपलब्ध होंगे। आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में आरामदायक बर्थ, पर्याप्त लगेज स्पेस, आधुनिक शौचालय, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, स्थानीय व्यंजन सहित स्वच्छ एवं सुरक्षित यात्रा का प्रबंध किया गया है। स्वदेशी कवच सुरक्षा प्रणाली, उन्नत अग्नि सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी इसे विश्वस्तरीय बनाती है। 27575 हावड़ा-कामाख्या वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की बुकिंग 20 जनवरी से पीआरएस और इंटरनेट के माध्यम से उपलब्ध होगी।

## एम.सी.केजरीवाल विद्यापीठ में वार्षिक संगीत समारोह 'प्रतिध्वनि' का सफल आयोजन



**हावड़ा :** सुर, संगीत और नृत्य के संगम का समारोह 'प्रतिध्वनि' का सफल आयोजन विद्यालय के मलय मंच सभागार में हर्ष और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि, रामकृष्ण मिशन विद्यामंदिर महाविद्यालय के प्राचार्य स्वामी महाप्रज्ञानंद जी को उत्तरीय और स्मृतिचिह्न प्रदान कर स्वागत किया गया और दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। स्वागत गीत के साथ संगीत समारोह का शुभारंभ हुआ। इसी कड़ी में विद्यालय के चेयरमैन किशन कुमार केजरीवाल ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए 'प्रतिध्वनि' के अर्थ को छात्रों की शिक्षा एवं दैनिक गतिविधियों के साथ जोड़ कर अन्य क्षेत्रों में भी उनकी रुचि और उपलब्धियों की और ध्यान आकर्षित किया तथा अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों की रुचि को प्राथमिकता प्रदान करें तथा उनके साथ समय गुजारे, संवाद करें ताकि बच्चे नकारात्मक पथ के राही ना बनें। सम्मानित अतिथि स्वामी महाप्रज्ञानंद जी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कविवर रवीन्द्र नाथ और स्वामी विवेकानंद के कथनों के माध्यम से भारत के आध्यात्मिक उपलब्धियों के उत्थान का उल्लेख किया तथा छात्रों का मार्गदर्शन किया। विद्यालय की सीनियर स्कूल कॉर्डिनेटर गार्गी मुखर्जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## विधान पार्क मैदान में वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** बराहनगर में 60 साल या 60 से अधिक उम्र के नागरिकों के लिए गेट टू गेदर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विधान पार्क मैदान में कलकत्ता पब्लिक स्कूल के समीप आयोजित किया गया। 21 नंबर वार्ड के 60 साल या 60 से अधिक उम्र के नागरिकों के लिए वनभोजन का आयोजन किया गया। साथ ही साथ कार्यक्रम में गाना और अड्डा का कार्यक्रम मनोरंजन के लिए रखा गया। भारी संख्या में आकर अंचल के लोगों ने कार्यक्रम को सफल बनाया। स्थानीय विधायक सायंतिका बनर्जी, बराहनगर म्युनिसिपालिटी की अध्यक्ष अपर्णा मौलिक व अन्य गणमान्य नगरवासियों की उपस्थिति से कार्यक्रम सफल रहा। कार्यक्रम के आयोजक एवं बराहनगर म्युनिसिपल्टी के उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बोस (सुनु) ने कार्यक्रम को सफल करने के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आरपीएफ ने 'मिशन सेवा' के तहत घायल यात्रियों को पहुंचाई मदद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल की आरपीएफ ने 'मिशन सेवा' के अंतर्गत त्वरित मानवीय सहायता प्रदान की। आरपीएफ कर्मियों ने 18 जनवरी को रेलवे परिसरों में बीमार और घायल व्यक्तियों की मदद करते हुए उन्हें समय रहते सरकारी अस्पताल पहुंचाया। दिनभर के दौरान आरपीएफ कर्मियों ने दो बीमार/घायल पुरुषों एवं एक बीमार शिशु को सुरक्षित रेस्क्यू कर आवश्यक चिकित्सा उपचार के लिए निकटतम



सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, एक पुरुष और आठ माह का एक बच्चा सियालदह एवं कोलकाता रेलवे स्टेशन पर बीमार अवस्था में पाए गए, जबकि एक अन्य पुरुष व्यक्ति हृदयपुर रेलवे स्टेशन पर घायल अवस्था में मिला। आरपीएफ कर्मियों ने तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करते हुए सभी प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित एवं शीघ्र अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। आरपीएफ की इस संवेदनशील और सक्रिय कार्रवाई से पूर्व रेलवे की यात्रियों एवं जरूरतमंदों की सुरक्षा, देखभाल और मानवीय दायित्व के प्रति सतत प्रयास स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं।

## श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति ने गंगासागर मेले के समापन में खिचड़ी किया वितरित




**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा सोमवार को 42, बड़तल्ला स्ट्रीट स्थित समिति के कार्यालय से मसाला खिचड़ी का निःशुल्क वितरण किया गया। समिति ने गंगासागर मेले के उपलक्ष्य में आउट्राम घाट में 9 से 15 जनवरी अनवरत सेवा शिविर का आयोजन किया था। उसी के समापन हेतु यह खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम रखा गया। समिति के अध्यक्ष विधायक विवेक गुप्ता के मार्गदर्शन एवं प्रधान सचिव बिमल दीवान के नेतृत्व में तथा उप सचिवों पवन बंसल एवं सुभाष सवालदावाला के देखरेख में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। साथ ही, समिति के मनोज चौधरी, आदित्य विक्रम तुलस्यान, महेश काबरा, सुमित झुनझुनवाला, प्रदीप जालान, ताड़कनाथ गुप्ता, सुमित गुप्ता, कमल गुप्ता, बिनय सोंथालिया, अनु मिश्रा, राजेश अग्रवाल, सुशील जोशी, महेश पंचलांगिया, बंटी खंडेलवाल, अरुण झुनझुनवाला आदि ने अपनी उपस्थिति से वितरण को सुचारू रूप से संचालित किया।

## श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने 129 लोगों के आंखों का कराया ऑपरेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी अस्पताल में अपना 38वां नि:शुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन करते हुए 129 लोगों के आंखों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन विमल जैन, निर्मल जैन (मेसर्स पीएसपीएल प्रोसेसर्स प्रा.लि.) के सौजन्य से कराया। समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार बिहानी व सचिव गोविंद रांधड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह पहले समिति के सिंगुर जामीर बेड़िया स्थित विश्राम गृह में 350 के करीब लोगों की आंखों की जांच की गई थी। इन्हीं में से चयन किए लोगों के ऑखों का ऑपरेशन रविवार को सोसाइटी अस्पताल के ऑपरेशन कक्ष में कराया गया। सोसाइटी की ओर से गोविंद राम अग्रवाल



(ढ़ाणेवाल), विष्णु दास मित्तल, भागीरथ मल गोयल, अशोक पुरोहित, शिव कुमार गोयल, दीपा अग्रवाल, संगीता अग्रवाल तथा समिति की तरफ से मुरारीलाल डीडवानिया, विजय दारुका, विकास नेवटिया, सुरेंद्र छापड़िया, नथमल बिहानी, मुकेश जिंदल, दाऊलाल मूंधड़ा, सुशील अग्रवाल, संजय जैन, रमेश अग्रवाल, पीयूष खेड़िया, गोपाल सरावगी, योगेन्द्र पाण्डेय व अन्य आयोजन की सफलता के लिए सक्रिय रहें। कैंप इंचार्ज ललित गोयल, सुरेश कुमार झुनझुनवाला, सोमनाथ कुमार व सचिन बेरीवाल से मिली जानकारी के अनुसार सिंगुर से सभी नेत्र रोगी को बस के माध्यम से लाया और वापिस पहुंचाया गया।

## आरपीएफ की तत्परता से बची नन्ही जान

❑ **रेलवे ट्रैक के पास मिली एक वर्षीय बच्ची**

**हुगली, समाज्ञा :** रेलवे सुरक्षा बल पोस्टबैंडेल ने तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए रेलवे ट्रैक के पास मिली एक नन्ही बच्ची की जान बचाई। बैंडेल रेल खंड में गश्त के दौरान आरपीएफ जवानों ने रेलवे ट्रैक के किनारे लगभग एक वर्ष की बच्ची को असहाय अवस्था में पाया। बच्ची के माथे और पीठ पर हल्की चोटें थीं। आरपीएफ कर्मियों ने तत्काल बच्ची को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाकर



प्राथमिक उपचार कराया और आरपीएफ पोस्ट बंडेल में निगरानी में रखा। माता-पिता की तलाश में स्थानीय पुलिस और जीआरपी से समन्वय किया गया, पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी। नियमों के तहत बाल कल्याण समिति को सूचना दी गई। समिति के निर्देश पर चिकित्सकीय जांच के बाद बच्ची को सत्यभारती कोन्ननगर को सौंप दिया गया, जहां उसकी देखभाल और पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा।

## मोबाइल और इंटरनेट से बच्चे हो रहे हैं वशीकरण का शिकार : प्रिंसिपल

**हुगली, समाज्ञा :** साउथ मेलिओर स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेलकूद और शारीरिक फिटनेस के प्रति रुचि बढ़ाना रहा।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल सुरंजना चक्रवर्ती ने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए कहा कि खेलकूद और शारीरिक शिक्षा बच्चों के जीवन में अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि खेलकूद से जहां बच्चों का शारीरिक विकास होता है, वहीं यह उन्हें बीमारियों से बचाने के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है। प्रिंसिपल ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के दौर में मोबाइल और इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग



के कारण बच्चे वशीकरण का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनका अधिकांश समय मोबाइल और इंटरनेट पर ही व्यतीत हो रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करें, ताकि बच्चे स्वस्थ, अनुशासित और आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी उन्होंने सराहना की।

दो दिवसीय इस खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व फुटबॉलर शिशिर घोष उपस्थित रहे।

# एसआईआर : फॉर्म-7 जमा देने को लेकर विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शन, तृणमूल-भाजपा में हिंसक झड़प

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सोमवार को मतदाता सूची के चल रहे एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 आवेदनों को जमा करने को लेकर शुरू हुए विवाद ने एक बड़ा स्वरूप ले लिया है, जिसके चलते सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच कई जिलों में झड़पें हुईं, विरोध प्रदर्शन हुए। बता दें कि मतदाताओं के लिए अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले आपत्तियां और दावे उठाने के लिए बनाए गए फॉर्म-7 को जमा करने की अंतिम तिथि सोमवार थी। इस समय सीमा के दौरान तनाव बढ़ गया क्योंकि तृणमूल कांग्रेस ने राज्यव्यापी विरोध




प्रदर्शन करते हुए भाजपा पर आरोप लगाया कि वह बड़ी संख्या में फॉर्म-7 आवेदन जमा करके वैध मतदाताओं के नाम हटाने का प्रयास कर रही है, जबकि भाजपा ने सरकारी कार्यालयों के अंदर सत्तारूधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा धमकाने, मारपीट करने और दस्तावेजों को नष्ट करने का आरोप लगाया। आसनसोल में, तृणमूल कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर एसडीओ के कार्यालय में बड़ी संख्या में फॉर्म-7 आवेदन ले जा रहे एक वाहन को रोका। तृणमूल का दावा है कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फॉर्म ले जाने का संतोषजनक स्पष्टीकरण न देने के बाद, उनमें से कई को कथित तौर पर छीनकर आग लगा दी गई। इस दौरान वाहन का शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया। बाद में पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रण में आयी। स्थानीय तृणमूल नेता अशोक रुद्र ने आरोप लगाया कि भाजपा मतदाताओं के नाम हटाने की साजिश रच रही है। मुर्शिदाबाद के लालबाग में भी तनावपर्ण स्थिति बनी, जहां भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कार्यकर्ताओं ने एसडीओ कार्यालय पर धावा बोल दिया, पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमला किया और फॉर्म-7 के आवेदन जमा करने के दौरान संपत्ति में तोड़फोड़ की। हावड़ा से विरोध प्रदर्शन की खबरें आईं, जहां स्थानीय विधायक गौतम चौधरी के नेतृत्व में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि सुनवाई के दौरान मतदाताओं को परेशान किया गया।

## एसआईआर प्रक्रिया के विरोध में उतरे नागरिक, बासन्ती राज्य मार्ग बाधित

दक्षिण 24 परगना जिले के बासन्ती राज्य मार्ग पर सोमवार की सुबह मतदाता सूची के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) के नाम पर योग्य मतदाताओं को कथित रूप से प्रताड़ित करने के विरोध में स्थानीय निवासियों ने पथावरोध कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने बासन्ती थाना क्षेत्र के भांगनखाली इलाके में टायर और घास-फूस जलाकर अपना विरोध जताया। सप्ताह के पहले कार्यदिवस पर हुए इस अवरोध के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। मार्ग के दोनों ओर यात्री बसों और छोटे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे विद्यालय-महाविद्यालय के छात्रों, कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और नित्य यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। आंदोलनकारियों का आरोप है कि निर्वाचन आयोग के विशेष नोटिस के नाम पर आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से जांच केंद्रों पर बुलाया जा रहा है और उनके वैध दस्तावेजों पर भी संदेह व्यक्त करते हुए उन्हें मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के कारण उत्पन्न स्थिति को संभालने के लिए बासन्ती थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## आगामी 27 जनवरी को अभिषेक का सीईओ से मुलाकात की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक बनर्जी ने राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) से मुलाकात का अनुरोध किया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस की तरफ से इस बारे में एक ई-मेल भेजा गया है। अभिषेक समेत 10 लोगों का एक प्रतिनिधि आगामी 27 जनवरी को राज्य के सीईओ मनोज अग्रवाल से मिलना चाहता है। आयोग के सूत्रों का कहना है कि सीईओ उस दिन तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल से मिल सकते हैं। सत्ताधारी पार्टी के सूत्रों का साफ कहना है कि इस बैठक का अनुरोध एसआईआर से जुड़े कई सवाल और आपत्तियों उठाने के लिए की गई है।

## तृणमूल कांग्रेस सांसद सौगत रॉय अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद सौगत रॉय को बेचैनी महसूस होने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार के एक सदस्य ने सोमवार को यह जानकारी दी। रॉय को रविवार की रात एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस साल अगस्त में वह 80 वर्ष के हो जाएंगे। अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि उनकी हालत फिलहाल स्थिर है और वह चिकित्सकों की निगरानी में हैं। बता दें कि पिछले साल जुलाई में, दमदम के सांसद रॉय को मधुमेह से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इससे पहले, जून में भी रॉय को सीने में दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## बिना नोटिस के 50 मजदूरों की छंटनी का आरोप, दासनगर के भारत जूट मिल में फैला तनाव



**हावड़ा, समाज्ञा :** बिना नोटिस के 50 मजदूरों की छंटनी के आरोप में हावड़ा के दासनगर में स्थित भारत जूट मिल में सोमवार की सुबह तनाव फैल गया। मजदूरों ने विरोध किया। सूचना पाकर हावड़ा नगर निगम के पूर्व मेयर बिभास हाजरा हालात को काबू में करने के लिए मौके पर पहुंचे। उन्होंने मिल अधिकारियों के साथ बैठक की। पता चला है कि इस दिन, सुबह में मजदूर आम दिनों की तरह दासनगर में भारत जूट मिल में काम पर गए थे। उनका आरोप है कि अधिकारियों ने उनसे कहा कि वे अब मिल नहीं चलाना चाहते। इसीलिए उस दिन से 50 मजदूरों को काम पर न जाने का आदेश दिया गया। जैसे ही यह खबर फैली, मजदूरों में गुस्से में भड़क गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने सरकार को बदनाम करने के लिए यह कदम उठाया है। ईधर, नौकरी से निकालने की खबर मिलते ही हावड़ा नगर निगम के पूर्व मेयर बिभास हाजरा मिल पहुंचे। वे मजदूरों को अपने साथ लेकर अधिकारियों से समस्या का हल निकालने के लिए बातचीत की। मजदूरों ने मांग की कि अधिकारी पहले की तरह उनका रोज़ाना का काम पक्का करें।

## एसआईआर : चंडीतला में 75 बीएलओ का सामूहिक इस्तीफा, चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के चंडीतला में सोमवार को 75 बूथ लेवल ऑफिसरों (बीएलओ) ने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) के पास सामूहिक इस्तीफा सौंप दिया। बीएलओ का आरोप है कि एक ओर अत्यधिक काम का दबाव है, तो दूसरी ओर मतदाता आंकड़ों में भारी विसंगतियां हैं, जिसके चलते हजारों नोटिस जारी किए जा रहे हैं और आम लोगों को बेवजह परेशान होना पड़ रहा है। बीएलओ का कहना है कि वे इस असहनीय कार्यभार और जनता की नाराजगी दोनों को संभाल पाने में असमर्थ हो गए हैं। इस दिन, दोपहर में चंडीतला-1 नंबर बीडीओ कार्यालय के सामने बीएलओ ने चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद, उन्होंने लिखित रूप में अपना इस्तीफा ईआरओ को सौंपा।



बीएलओ का आरोप है कि चुनाव आयोग ने पहले स्पष्ट किया था कि यदि किसी व्यक्ति का नाम 2002 की मतदाता सूची में दर्ज है तो उसे सुनवाई के लिए नहीं बुलाया जाएगा। इसके बावजूद नाम की मामूली वर्तनी की त्रुटियों के कारण भी लोगों को सुनवाई के नोटिस थमाए जा रहे हैं। बीएलओ का कहना है कि ऐसे मामलों में आम लोग सवाल पूछते हैं, जिनका जवाब देना उनके लिए मुश्किल हो जाता है और इससे उनका काम कई गुना बढ़ जाता है। बीएलओ के अनुसार, ऐसे सवालों और प्रक्रियाओं के कारण जनता में भारी नाराजगी है और इसका दबाव सीधे उन पर पड़ रहा है।

## कोयला तस्करी मामले में ईडी ने सात लोगों को पूछताछ के लिए किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोयला तस्करी मामले की जांच के सिलसिले में कम से कम सात लोगों को समन जारी किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन सात लोगों को धन के स्रोत को समझने और यह पता लगाने के लिए बुलाया गया है कि कोयले की तस्करी से प्राप्त धन को कहां-कहां भेजा गया था। उन्होंने कहा कि पहले की पूछताछ के दौरान सामने आए नए सुरागों के आधार पर समन जारी किए गए हैं। ईडी अधिकारी ने कहा कि हमारा ध्यान अवैध धन के प्रवाह की पहचान करने और यह जांचने पर है कि क्या इसमें किसी प्रभावशाली व्यक्ति की संलिप्तता है। उन्होंने कहा कि




केंद्रीय जांच एजेंसी ने हाल में कई कोयला व्यापारियों से पूछताछ की, जिसके दौरान इन लोगों के नाम सामने आए। उन्होंने बताया कि संघीय एजेंसी ने इस मामले में अब तक कुल 15 लोगों को पूछताछ के लिए तलब किया है। अधिकारी ने कहा कि जांच जारी है और सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर : राज्य में सुनवाई के नोटिस के डर से तीन लोगों की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा**

उत्तर 24 परगना, नदिया और बीरभूम के तीन अलग-अलग जिलों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सुनवाई प्रक्रिया के डर से तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि दो लोगों ने आत्महत्या की, जबकि एक की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई। उनके परिवारों ने आरोप लगाया कि एसआईआर के डर के कारण उनकी मृत्यु हुई। उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज में, एक पिता की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई, जब उनके बेटे और बेटी को उनके मतदाता पंजीकरण की जानकारी में 'तार्किक विसंगतियों' के लिए एसआईआर सुनवाई के नोटिस मिले। पता चला है कि बेटे अब्दुर रहमान और बेटी अंजुरा बीबी को एसआईआर सुनवाई के लिए बुलाया गया था। परिवार का दावा है कि उनके पिता छोयेद शेख की मृत्यु भय और चिंता के कारण हुई। यह घटना हिंगलगंज के मामूदपुर स्थित बूथ नंबर 103 क्षेत्र की है। परिवार के अनुसार, छोयेद की चिंता तब और बढ़ गई जब उन्हें पता चला कि उनका बेटा दूसरे राज्य में काम करता है, इसलिए वह एसआईआर सुनवाई में उपस्थित नहीं हो पाएगा। 62 वर्षीय व्यक्ति भय के कारण बीमार पड़ गया और सोमवार की सुबह उसे दिल का दौरा पड़ गया। उसे हिंगलगंज ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई।

इसी बीच, नदिया जिले के करीमपुर इलाके में नाम में गड़बड़ी के कारण पत्नी के नाम पर नोटिस आने से फिजुर खान नाम का एक व्यक्ति भयभीत हो गया। परिवार का दावा है कि इसी भय के कारण नदिया के होगलबेरिया पुलिस थाना क्षेत्र के रहने वाले फिजुर खान ने रविवार की रात आत्महत्या कर ली। स्थानीय और पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक, फिजूर की पत्नी परवीना बीबी को एसआईआर सुनवाई का नोटिस मिला और दस्तावेजो में उनके नाम की वर्तनी या अन्य जानकारी में विसंगतियों के कारण उन्हें पेश होने के लिए कहा गया। परिवार का दावा है कि फिजूर को लगा था कि उनकी पत्नी को बांग्लादेश भेज दिया जाएगा।

इसी बीच, बीरभूम जिले के रामपुरहाट नगरपालिका के वार्ड 14 में जॉनी शेख नामक एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। उसके परिवार का आरोप है कि उसने एसआईआर से संबंधित भय के कारण यह चरम कदम उठाया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, जॉनी ट्रेनों में पानी की बोतलें बेचा करता था। उसकी पत्नी उसे कई साल पहले छोड़कर चली गई थी। वह कभी-कभार शराब पीता था। वे रेलवे की जमीन पर रहते थे। उसके पिता का देहांत हो चुका है और उसकी मां काम के सिलसिले में मुंबई में रहती है। जॉनी रामपुरहाट में अपने चचेरे भाई के घर खाना खाता था। रविवार की दोपहर को खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में गया और दरवाजा बंद कर लिया। जब उसने रात तक दरवाजा नहीं खोला, तो स्थानीय लोगों को शक हुआ। सूत्रों के मुताबिक, निवासियों ने ताला तोड़कर दरवाजा खोला और उसे मृत पाया। परिवार का दावा है कि चुनाव आयोग ने उस वार्ड में 171 लोगों को सुनवाई का नोटिस जारी किया था। उन्हें डर था कि कहीं उन्हें भी सुनवाई का नोटिस न मिल जाए। उनका आरोप है कि इसी वजह से उन्होंने यह कदम उठाया।

## फ्रेजरगंज में तटरक्षक बल ने 24 बांग्लादेशी मछुआरों को किया गिरफ्तार, अवैध प्रवेश का आरोप



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने सोमवार को दक्षिण 24 परगना जिले में 24 बांग्लादेशी मछुआरों को गिरफ्तार किया है। आईसीजी ने यह कार्रवाई बंगाल की खाड़ी में अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा पार करके भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश करने को लेकर की है। सभी बांग्लादेशी मछुआरों को राज्य पुलिस के तटीय पुलिस विभाग को सौंप दिया गया है। बताया गया है कि इस दिन, तड़के भारतीय तटरक्षक बल के एक गश्ती पोत ने भारतीय जलक्षेत्र में 24 मछुआरों से भरी एक बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नाव को देखा। तटरक्षक बल के पोत ने नाव का पीछा किया और उसे भारतीय जलक्षेत्र में ही पकड़ लिया। 24 बांग्लादेशी मछुआरों को हिरासत में लेने के बाद तटरक्षक बल ने प्रारंभिक पूछताछ की और बाद में दोपहर में उन्हें फ्रेजरगंज तटीय थाने को सौंप दिया। पूछताछ के दौरान मछुआरों ने दावा किया कि क्षेत्र में घने कोहरे के कारण वे गलती से भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह पता लगाने के लिए आगे की पूछताछ जारी है कि क्या मछुआरे अनजाने में या किसी अन्य इरादे से भारतीय जलक्षेत्र में प्रवेश कर गए थे। गिरफ्तार मछुआरे अपने दावों के समर्थन में कोई पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर सके। एक जिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें आज जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

## नई राइड, नया अंदाज पेश है बिल्कुल नया चेतक सी25



**कोलकाता, समाज्ञा :** बजाज ऑटो लिमिटेड ने अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए बिल्कुल नए चेतक सी25 को लॉन्च किया है। 2.5 किलोवाट बैटरी से लैस यह स्कूटर 113 किमी तक की रेंज प्रदान करता है और इसकी एक्स-शोरूम कीमत दिल्ली में 91,399 रखी गई है। नया चेतक सी25 देशभर के सभी चेतक स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। कंपनी के अनुसार, चेतक सी25 को रोजमर्रा की शहरी आवाजाही को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। यह चेतक की सिग्नेचर मेटल बॉडी, नियो-क्लासिक डिजाइन, स्लीक प्रोफाइल और सहज हैंडलिंग के साथ आता है। स्कूटर 55 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देता है और मात्र 2.25 घंटे में 80 प्रतिशत तक चार्ज हो जाता है। 25 लीटर का बूट स्पेस, हिल होल्ड असिस्ट, डिस्क ब्रेक और आधुनिक सेफ्टी फीचर्स इसे परिवारों, युवाओं और पहली बार ईवी खरीदने वालों के लिए आकर्षक विकल्प बनाते हैं। कंपनी ने बताया कि चेतक सी25, 30 और 35 सीरीज के साथ मिलकर हर तरह की शहरी जरूरतों को पूरा करेगा।

## एनएचआरसी के तत्वावधान में मालदह गुड्स शेड में दिवसीय चिकित्सा जांच शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचअरसी) के तत्वावधान में तथा पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक के मार्गदर्शन में 18 जनवरी को मालदह मंडल के अंतर्गत गुड्स शेड, मालदह एवं गुड्स शेड में दो दिवसीय चिकित्सा जांच शिविरों का सफल आयोजन किया गया। ये शिविर मालदह के डीआरएम के नेतृत्व में संपन्न हुए। शिविरों में हावड़ा अस्पताल, डॉ. बी. आर. सिंह अस्पताल, सियालदह एवं जमालपुर रेलवे अस्पताल से प्रतिनियुक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ-साथ मालदह मंडल के डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल कर्मियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। दोनों चिकित्सा शिविर पूरे दिन संचालित किए गए। इन शिविरों के




दौरान कुल 286 लाभार्थियों की चिकित्सा जांच की गई। जांच के दौरान दोनों शिविरों में क्रमशः 11 एवं 7 नए उच्च रक्तचाप (हाइपरटेंशन) के मामले तथा 3 एवं 5 नए इम्पेयर्ड ग्लूकोज टॉलरेंस (आईजीटी) के मामले सामने आए। इसके अतिरिक्त लगभग 18 मोतियाबिंद के मामले तथा कुछ पोस्ट-कैटरेक्ट दृष्टि बाधित होने के मामले भी चिन्हित किए गए। इस पहल को सफल बनाने में मालदह मंडल के सुरक्षा एवं वाणिज्य विभाग का सक्रिय सहयोग रहा।

## सीआइएसएफ वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथान 28 जनवरी को बंगाल से होगा शुरू

**कोलकाता :** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) तटीय सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए अपने 57वें स्थापना दिवस से पहले लगातार दूसरे साल कोस्टल साइक्लोथान-2026 (साइकिल रैली) का आयोजन करने जा रहा है। 'सीआइएसएफ वंदे मातरम कोस्टल साइक्लोथानळ का दूसरा संस्करण 28 जनवरी को एक साथ दो जगहों बंगाल और गुजरात (पूर्वी और पश्चिमी छोड़) से शुरू होगा। सोमवार को कोलकाता में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सीआइएसएफ के उत्तर पूर्व जोन-2 के महानिरीक्षक (आइजी) शिखर सहाय ने इसकी जानकारी दी। आइजी ने बताया कि बंगाल से यह साइकिल रैली दक्षिण 24 परगना जिले के तटवर्ती बकखाली द्वीप से शुरू होगी। 25 दिवसीय इस साइक्लोथान में सीआइएसएफ के साइकिल सवार दल नौ समुद्र तटीय




राज्यों से गुजरते हुए 6,553 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करेंगे। 22 फरवरी को केरल के कोच्चि में इस साइक्लोथान का समापन होगा, जहां दोनों छोड़ से चली टीमें मिलेंगी। आइजी ने बताया कि साइक्लोथान में इस बार सीआइएसएफ के 130 कर्मी भाग लेंगे, जिनमें 65 महिला कर्मी शामिल होंगी। साइक्लोथान की थीम 'सुरक्षित तट, समृद्ध भारत है। साइक्लोथान के जरिए वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने का भी जश्न मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह साइकिल रैली देश के पूर्वी और पश्चिमी समुद्री तटों से होकर गुजरेगी जिसके तहत यह पूर्वी भाग में 2,778 किलोमीटर तथा पश्चिमी भाग में 3,775 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय 28 जनवरी को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से वरिष्ठ अधिकारियों व प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति में वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर इस साइकिल रैली का शुभारंभ करेंगे। सीआइएसएफ के कोलकाता एयरपोर्ट स्थित कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन के दौरान डीआइजी के प्रताप सिंह और डीआइजी (सीएएसओ) अजय कुमार भी मौजूद थे।

डीआइजी के प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्वी तट में यह साइकिल रैली बकखाली से शुरू होकर हल्दिया व दीघा जैसे तटीय शहरों से होते हुए ओडिशा में प्रवेश करेगी। ओडिशा में कोणार्क, पारादीप के बाद आंध्र प्रदेश में विशाखापट्टनम होते हुए चेन्नई और पांडिचेरी व अंत में कन्याकुमारी, कोच्चि में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। इसके लिए 52 तटीय गांवों का चयन किया गया है, जहां कार्यक्रम होंगे।

## श्रीरामपुर में झाड़ू बांस लाठी, डंडे और चप्पल लेकर तृणमूल ने किया प्रदर्शन

**हुगली, समाज्ञा :** एसआइआर प्रक्रिया के आगे बढ़ने के साथ ही विवाद भी तेज होता जा रहा है। जिले के श्रीरामपुर बीडीओ कार्यालय और श्रीरामपुर महकमा शासक कार्यालय के सामने तृणमूल कांग्रेस के विधायक, नेता तथा महिला-पुरुष कार्यकर्ताओं ने झाड़ू, बांस के डंडे, लाठी और चप्पल लेकर एसआइआर के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। तृणमूल नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि एक भी वैध मतदाता का नाम मतदाता सूची से काटा गया तो इसका करारा जवाब दिया जाएगा। कहा कि भाजपा नेताओं को पैदल चलकर आना होगा, लेकिन विरोध इतना तीखा होगा कि उन्हें स्ट्रेचर पर वापस जाना पड़ेगा। महिलाओं ने प्रतीकात्मक रूप से झाड़ू दिखाते हुए कहा कि जैसे घर की सफाई की




जाती है, वैसे ही भाजपा के खिलाफ 'सफाई अभियान' चलाया जाएगा।

कार्यक्रम में चांपदानी विधायक अरिंदम गुईन, श्रीरामपुर के सीआईसी संतोष सिंह, नगरपालिका चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी पिंटू नाग सहित कई पार्षद और बड़ी संख्या में तृणमूल के महिला-पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए विधायक अरिंदम गुईन ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में सत्ता हासिल करने के लिए भाजपा लगातार षड्यंत्र रच रही है और बार-बार प्रक्रिया में बदलाव कर जनता को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम 2002 की सूची में थे, उनसे भी अधिकांश मतदाताओं से फॉर्म नंबर-7 भरवाकर दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। वहीं सीआईसी संतोष सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के घरों में 5,000 से 10,000 तक फॉर्म नंबर-7 भेजे गए हैं, जिसके जरिए मतदाताओं के नाम काटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध मतदाताओं के नाम हटाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यदि एक भी वैध मतदाता का नाम काटा गया तो तृणमूल कांग्रेस व्यापक आंदोलन करेगी। उन्होंने चुनाव आयोग और भाजपा की सांठगांठ का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए। कहा कि इन्ही प्रतीकात्मक सामानों से उनकी सफाई की जाएगी। तृणमूल विधायक अरिंदम गुइन और संतोष सिंह के बयान ने भी सियासी हलकों में हलचल मचा दी। उन्होंने विरोध के दौरान 'साफ करने' जैसे शब्दों का प्रयोग करते हुए किन ताकतों को निशाना बनाया। इस पर विपक्ष ने कड़ा ऐतराज जताया है। विपक्ष का आरोप है कि लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर हिंसा और डर का माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि तृणमूल नेताओं का कहना है कि उनका आंदोलन चुनाव आयोग की कथित पक्षपातपूर्ण कार्रवाइयों के खिलाफ है और बयान को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। फिलहाल, झाड़ू-लाठी वाले प्रदर्शन और नेताओं के बयानों ने श्रीरामपुर की राजनीति को और गरमा दिया है और अब सभी की नजरें प्रशासन व चुनाव आयोग की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं।

## शांत रहना है तो राम से जुड़ें : संत मुरलीधर महाराज

**हावड़ा :** परोपकार (सेवा)परम धर्म है,ऐसा वेद कहते हैं। जो दूसरों के हित के लिए प्राण देते हैं तो संत उसकी प्रशंसा करते हैं। संत दर्शन से समस्त समस्त पाप मिट जाते हैं। भगवान की कृपा से संत का दर्शन होता है। भगवान की माया से पूरा जगत काममय दिखता है। यह काम ही हमें राम से दूर करता है। जहां काम है, वहां राम नहीं। जहां राम है, वहां काम नहीं। काम से कौन मुक्त हुआ? वहीं मुक्त हुआ जिसको पर राम की कृपा मिली। भगवान शंकर रामजी के परम भक्त है। भगवान शंकर जगत पिता हैं। प्रयागराज में याज्ञवल्क्य ऋषि भारद्वाज मुनि से कहते हैं, जिनको भगवान शंकर के चरणों में प्रेम नहीं वह राम भक्त नहीं हो सकता। राम भक्त का पहला लक्षण है वह शिवप्रेमी हो। जो शिव प्रेमी नहीं, उसे रामजी सपने में भी अच्छे नहीं लगते। जो छल-कपट रहित हैं, उसे रामजी अपना प्रिय मनाते हैं। राम ने सुग्रीव से कहते हैं, वही व्यक्ति मुझे प्रिय है, जिसके आचरण में छल-कपट नहीं होता। शिव जैसा कोई राम प्रेमी नहीं। शिव को साक्षात अनुभव करना हो तो कैलाश (हिमालय) अवश्य जाए। दुनिया से जुड़ोंगे तो अशांत रहोगे। शांत रहना है तो राम से जुड़ें। भगवान शंकर रामजी से जुडें है, इसलिए शांत है। एक दिन कैलाश में वट वृक्ष के नीचे शांत मुद्रा में भगवान शिव को देखकर पार्वती बोली, आप विश्वनाथ है, मेरे नाथ



हैं। आपकी महिमा तीनों लोक में हैं। आप अपनी दासी मानकर, कृपाकर मेरी अज्ञानता को मिटाए। शिव ने कहा, कैसे मिटेगी? पार्वती ने कहा, आप मुझे राम कथा से सुनाए। कथा से मेरी अज्ञानता मिटेगी। दुनिया की कथा सुनोगे तो मनोरंजन होगा जबकि राम कथा सुनोगे तो आत्मरंजन होगा। भगवान शंकर ने कहा राम कथा गंगा की तरह सभी को पवित्र करती है। राम कथा सुनने से सारे संशय मिट जाते हैं। निर्गुण ब्रह्म जब भक्तों पर करुणा करता हैं तो साकार ब्रह्म के रूप में अवतार लेता हैं। ये बातें रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष में सुन्दरकाण्ड भक्त मण्डल,कोलकाता के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते हुए परम पूज्य संत मुरलीधर महाराज ने हनुमंतधाम (फोरशोर रोड,शिवपुर)में कही।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड बस दुर्घटना: एक और व्यक्ति की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हुई

**लातेहार (झारखंड):** झारखंड के लातेहार जिले में हुए बस हादसे में मृतक संख्या बढ़कर 10 हो गई है। दुर्घटना में घायल एक और व्यक्ति ने सोमवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि राज्य के विभिन्न अस्पतालों में इस समय 70 से अधिक घायलों का उपचार किया जा रहा है। महुआडांड़ थाना क्षेत्र के ओर्सा-बंगलादारा घाटी में रविवार को विवाह समारोह के लिए मेहमानों को ले जा रही एक बस पलट गई थी। इस हादसे में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई थी और 80 से अधिक लोग घायल हो गए थे। मृतकों में पांच महिलाएं शामिल थीं।

### बलिया में 75 लाख रुपये कीमत की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले की नरही पुलिस ने बिहार जा रहे एक ट्रक से 75 लाख रुपये मूल्य की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान राजस्थान के बाड़मेर जिले के निवासी अचला राम (27) के रूप में हुई है सदर क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) राकेश कुमार सिंह ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक ट्रक को रोका और उसकी तलाशी लेने पर 9086.4 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई जिसकी कीमत तकरीबन 75 लाख रुपये हैं। उन्होंने बताया कि यह ट्रक पूर्वांचल एक्सप्रेस होते हुए गाजीपुर की तरफ से बिहार जा रहा था। बिहार में शराबबंदी लागू है। सीओ ने बताया कि इसके साथ ही 110 बण्डल अण्डे रखने का गत्ता बरामद किया गया है।

### रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी, कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**लखनऊ/रायबरेली:** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। कांग्रेस के प्रान्तीय प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने बताया कि राहुल गांधी शाम करीब सात बजे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर उतरे, जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। हाथों में कांग्रेस के झंडे लिए बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता हवाई अड्डे पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि इसके बाद राहुल हवाई अड्डे से निकलकर रायबरेली पहुंचे, जहां वह भुएमऊ अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे।

# समृद्धि यात्रा में नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी-शिवहर को छह सौ करोड़ की सौगात दी

पटना, 19 जनवरी (भाषा) बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के क्रम में सीतामढ़ी और शिवहर जिलों में करीब 600 करोड़ रुपए की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। सीतामढ़ी जिले में मुख्यमंत्री ने 346 करोड़ रुपए की लागत से 41 नई योजनाओं का शिलान्यास किया और 208.12 करोड़ रुपए की 26 पूर्ण योजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं में सड़क, बाढ़ नियंत्रण, आधारभूत ढांचा और सामाजिक विकास से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं। कुमार ने कहा कि इनसे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राज्य के सबसे छोटे जिले शिवहर में 42 करोड़ रुपए की लागत से 75 योजनाओं का उद्घाटन किया गया, जबकि 17 करोड़ रुपए की 28 नई परियोजनाओं



का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमित भौगोलिक क्षेत्रफल के बावजूद शिवहर को मिली यह सौगात दर्शाती है कि सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने की दिशा में काम कर रही है। नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए पूर्ववर्ती शासन पर परोक्ष हमला किया। लालू-राबड़ी सरकार का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि पहले के दौर में विकास के नाम पर कुछ खास नहीं हुआ और सत्ता से बाहर होने के बाद परिवारवाद को बढ़ावा दिया गया। मुख्यमंत्री ने पुनौरा धाम में बन रहे मां सीता मंदिर को अपनी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों में गिनाया। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक परियोजना से पूरे क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा तथा और इसके लिए करोड़ों रुपये का फंड आवंटित किया गया है। बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रहे कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि स्थायी समाधान की दिशा में सरकार गंभीरता से आगे बढ़ रही है। आर्थिक मोर्चे पर मुख्यमंत्री ने राज्य की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का लक्ष्य दोहराया। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 10 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जबकि रोजगार और स्वरोजगार के लिए 10 लाख रुपये तक की मदद का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बड़े उद्योगों को आकर्षित करने के लिए मुफ्त जमीन समेत कई रियायतें दी जा रही हैं और इसके लिए अलग-अलग विभागों का गठन भी किया गया है।

### मानहानि मामले में राहुल गांधी नहीं पहुंचे अदालत, अगली सुनवाई 20 फरवरी को

**सुलतानपुर (उप्र):** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली के कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अपने खिलाफ यहां सांसद/विधायक अदालत में चल रहे मानहानि के मुकदमे में सोमवार को अपना बयान दर्ज कराना था, लेकिन वह नहीं पहुंच सके। एक अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अदालत ने अंतिम अवसर देते हुए सुनवाई की अगली तारीख 20 फरवरी तय की है। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने अदालत से कहा कि राहुल गांधी आज केरल में होने के कारण अदालत में हाजिर नही हो सके हैं। इस पर न्यायाधीश शुभम वर्मा ने उन्हें अदालत में उपस्थित होने का अंतिम अवसर देते हुए सुनवाई के लिए आगामी 20 फरवरी की तारीख तय की। काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि 19 जनवरी को राहुल गांधी को अपना बयान दर्ज कराने आना था, लेकिन आज उनका कार्यक्रम केरल में होने से वह हाजिर नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि अदालत ने अगली कार्रवाई के लिए 20 फरवरी की तारीख नियत की है।

## न्यूज अपडेट

### रांची में जमीन विवाद को लेकर हुई झड़प के दौरान गोलीबारी के सिलसिले में छह लोग गिरफ्तार



**रांची:** झारखंड की राजधानी रांची में जमीन विवाद को लेकर हुई झड़प के दौरान गोलीबारी के सिलसिले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। जमीन सौदे में 55 लाख रुपये के बंटवारे को लेकर शनिवार रात पिस्का मोड़ के पास हुई हिंसक झड़प में दो भाइयों समेत तीन लोग गोली लगने से घायल हो गए थे। रांची के नगर पुलिस अधीक्षक पारस राणा ने कहा, इस मामले में हमने छह लोगों को गिरफ्तार किया है।' उन्होंने रविवार को कहा था कि इस घटना के संबंध में 10 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

### यूपी: बैंक से करोड़ों का सोना-चांदी और नकदी चुराने आरोपी गिरफ्तार, एक किलो से ज्यादा सोना बरामद

**बदायूं:** महाराष्ट्र के एक बैंक से छह किलोग्राम सोना, 30 किलोग्राम चांदी और साढ़े चार लाख रुपये की नकदी चोरी करने के एक आरोपी को सोमवार को बदायूं के अलापुर क्षेत्र के ककराला कस्बे से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि सात जनवरी को महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक बैंक की खिड़की काटकर वहां के लॉकर में रखे सोने-चांदी के आभूषण व नकदी की चोरी की गई थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जांच की तो बदायूं के ककराला से उसके तार जुड़े मिले और महाराष्ट्र पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस व सर्विलांस टीम की मदद से संयुक्त कार्रवाई करते हुए सोमवार को ककराला के वार्ड संख्या चार निवासी राहुल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि राहुल के पास से सोने की दो ईंट बरामद की गयीं, जिनका वजन 1.168 किलोग्राम और अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये बतायी जाती है। सिंह ने बताया कि पूछताछ में राहुल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने कुछ साथियों के साथ चोरी की साजिश रची थी, जिसके बाद उन्होंने दिल्ली से एक कार खरीदी और वे महाराष्ट्रीय के सांगली जिले के प्लूस गांव पहुंचे, किराये पर एक कमरा लिया और बैंक में चोरी के लिये टोह लेने का काम शुरू किया। राहुल ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि सात जनवरी की रात को उसने अपने साथियों की मदद से सांगली के आटपाड़ी बैंक से लगभग छह किलोग्राम सोना, 30 किलोग्राम चांदी और साढ़े चार लाख रुपये नकद चोरी कर लिये।

### आरेडिका में बसंत पंचमी पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**रायबरेली,समाज्ञा** :आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में रविवार को आरेडिका सरस्वती पूजन समिति द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों को तीन वर्गों में बांटकर अलग-अलग विषय दिए गए। कक्षा 1 से 3 के बच्चों को टेडीबियर, कक्षा 4 से 6 को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह तथा कक्षा 7 से 9 के बच्चों को एमसीएफ की सरस्वती पूजा उत्सव विषय पर चित्र बनाने को कहा गया। इस प्रतियोगिता में कुल 300 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कल्पनाओं के रंगों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को बसंत पंचमी के दिन आयोजित सरस्वती पूजन समारोह में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। सरस्वती पूजन समिति के पदाधिकारी एवं जनसंपर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी संस्कृति से जुड़ने और प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। समिति पिछले 13 वर्षों से यह आयोजन कर रही है। इस अवसर पर समिति के सभी प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कौशांबी में पक्षियों का शिकार करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, बरामद पक्षी आजाद किये गये



**कौशांबी (उप्र):** कौशांबी जिले के महेवाघाट थानाक्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को प्रतिबंधित हरियल पक्षियों (एलो फूटेड ग्रीन पिजन) का शिकार करने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि उनके पास से 14 जिंदा हरियल पक्षी एवं प्लास्टिक का एक जाल बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार मुखबिरों से सूचना मिली थी कि अलवारा झील के पास जंगल में पक्षियों का शिकार किया जा रहा है जिसके आधार पर पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर दो शिकारियों को जाल में फंसा कर ले जा रहे 14 हरियल पक्षियों के साथ गिरफ्तार किया। महेवाघाट के थाना प्रभारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि लखन लाल एवं सुरेश नामक इन शिकारियों को अलवारा झील के पास जंगल से गिरफ्तार किया गया जिन्होंने पूछताछ में बताया कि वे जंगल से प्रतिबंधित हरियल पक्षियों को जाल में फंसा कर उनका शिकार करते थे तथा महंगे दामों पर अन्य जिलों में बेचते थे।

## साफ्टवेयर इंजीनियर की मौत : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसआईटी गठित

**लखनऊ:** ग्रेटर नोएडा में एक साफ्टवेयर इंजीनियर की शुक्रवार को पानी में डूबकर हुई मौत के मामले की पड़ताल के लिये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोमवार को तीन सदस्यीय एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया। राज्य सरकार के एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 150 में 20 फुट से अधिक गहरे पानी से भरे एक गड्ढे में एक कार के गिरने से 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की हुई मौत के मामले का संज्ञान लिया है और उनके निर्देश पर मामले की तफ्तीश के लिये तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया है। बयान के अनुसार मेरठ जोन के अपर पुलिस महानिदेशक के नेतृत्व में गठित इस तीन सदस्यीय एसआईटी में मेरठ के मंडलायुक्त और लोक निर्माण विभाग के मुख्य



अभियंता भी शामिल हैं। यह समिति पांच दिन में जांच कर अपनी रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपेगी। गुरुग्राम की एक कम्पनी में नौकरी करने वाले 27 वर्षीय साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता शुक्रवार की रात एक हादसे में मौत हो गयी थी। पुलिस के मुताबिक उसकी कार ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 एटीएस ले-ग्रैडियोज के पास अनियंत्रित हो गई और नाले की दीवार तोड़कर एक निर्माणाधीन मॉल के परिसर में पानी से भरे गड्ढे में गिर गयी। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी। युवराज के परिजन का आरोप है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी और लापरवाही के कारण युवराज की मौत हुई है। उनका कहना है कि तीव्र मोड़ होने के बावजूद बैरीकेडिंग नहीं किये जाने, 'रिफ्लेक्टर्स' नहीं लगाये जाने और भूखंड के आसपास कोई 'सेफ्टी वॉल' नहीं बनाये जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। बहरहाल, पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## यूपी : निजी विद्यालयों में वंचित वर्गों के लिए 25 फीसदी आरक्षण का प्रवेश कार्यक्रम जारी

लखनऊ: उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग ने वंचित वर्गों के बच्चों के वास्ते शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालयों में 25 फीसदी आरक्षण के अंतर्गत प्रवेश कार्यक्रम जारी कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई। विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार, दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी। पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित करने के लिए पहली कक्षा या पूर्व-प्राथमिक स्तर के लिए पात्र बच्चों का चयन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया जाएगा। विभाग ने सभी जिलों के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों और ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया है कि चयनित बच्चों का प्रवेश निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इसके अलावा, स्कूलों को पोर्टल पर दाखिले की स्थिति अपलोड करना अनिवार्य होगा। इस प्रक्रिया का पहला चरण दो से 16 फरवरी तक, दूसरा चरण 21 फरवरी से सात मार्च तक और तीसरा चरण 12 से 25 मार्च तक चलेगा।

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मेला प्रशासन के बीच ठनी

**प्रयागराज (उप्र):** प्रयागराज में मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके अनुयायियों को स्नान करने से पुलिस द्वारा कथित तौर पर रोके जाने के बाद उनके और मेला प्रशासन के बीच ठन गई है। जहां स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती अपने शिविर के सामने अन्न जल त्यागकर मेला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से माफी मांगने की मांग पर अड़ गए हैं, वहीं मेला अधिकारी ऋषिराज ने कहा कि आपात सेवाओं



के लिए आरक्षित पांटून पुल के बैरिकेडिंग को स्वामी जी के समर्थकों ने तोड़ा । मेलाधिकारी ने कहा कि बैरिकेडिंग तोड़कर वे लोग संगम नोज पर आ गये, ऐसे में भगदड़ की स्थिति से बचने के लिए प्रशासन ने यह कदम उठाया। ऋषिराज ने कहा, ''हमारे पास साक्ष्य है। मुख्य स्नान पर्व पर किसी भी तरह के वाहनों की अनुमति से मना किया गया था।' उन्होंने स्पष्ट किया कि स्नान के लिए किसी ने किसी को नहीं रोका है,कई साधु-संत आए और उन्होंने स्नान किया, प्रशासन द्वारा किसी भी साधु संत का अपमान नहीं किया गया। उन्होंने कहा, श्रद्धालुओं और कल्पवासियों के लिए जो भी व्यवस्था बनाई गई, उसे लागू किया गया क्योंकि उनकी सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

समाज्ञा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

**22.01.2026 : वैनायकी गणेश चतुर्थी व्रत**
**23.01.2026 : सरस्वती पूजा, सुभाष चंद्र बोस जयंती**
**25.01.2026 : अचला सप्तमी व्रत**
**26.01.2026 : गणतंत्र दिवस**

## 22 या 23 जनवरी, कब है बसंत पंचमी?

माघ माह की शुरुआत के साथ बसंत पंचमी की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम बना हुआ था। पंचांग के आधार पर बसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 को मनाई जाएगी। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा होगी, क्योंकि शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि इसी दिन उदया होगी। पूजा का शुभ समय सुबह से दोपहर तक रहेगा। यह दिन विद्यार्थियों और ज्ञान साधकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

### बसंत पंचमी 2026 कब है?

माघ शुक्ल पंचमी तिथि 23 जनवरी 2026 को रात 02:28 बजे शुरू होगी।

यह तिथि 24 जनवरी को रात 01:46 बजे समाप्त होगी।

उदया तिथि के अनुसार पर्व 23 जनवरी 2026 को मनाया जाएगा।

इसलिए इसी दिन सरस्वती पूजा करना धर्मसम्मत माना जाएगा।

### पूजा का शुभ मुहूर्त क्या रहेगा?

सरस्वती पूजा का श्रेष्ठ समय सुबह 07:13 बजे से शुरू होगा।

यह मुहूर्त दोपहर 12:33 बजे तक रहेगा।

इस समय में पूजा, अक्षर अभ्यास और विद्या आरंभ करना विशेष फलदायी माना जाता है।

### बसंत पंचमी क्यों मनाई जाती है?

मान्यता है कि इसी दिन देवी सरस्वती ब्रह्माजी के मुख से प्रकट हुई थीं।

इसी वजह से यह दिन ज्ञान, विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है।

इस दिन देवी सरस्वती की पूजा करने से पढ़ाई और समझ शक्ति बढ़ती है।

### छात्रों के लिए यह दिन क्यों खास है?

- बसंत पंचमी को 'अक्षर अभ्यास' शुरू करने का सबसे शुभ दिन माना जाता है।
- बच्चे पहली बार पढ़ना-लिखना इसी दिन शुरू करते हैं।
- छात्र अपनी किताबों और कॉपियों की पूजा करते हैं।
- माना जाता है कि इससे बुद्धि, स्मरण शक्ति और सीखने की क्षमता बढ़ती है।
- देवी सरस्वती की पूजा से क्या लाभ होता है?
- विधिपूर्वक पूजा करने से ज्ञान और विवेक की प्राप्ति होती है।
- पढ़ाई में मन लगने लगता है।
- प्रतियोगी परीक्षाओं और शिक्षा से जुड़े क्षेत्रों में सफलता मिलती है।

## दुनिया का सबसे बड़ा शिवलिंग कब स्थापित होगा



पूर्वी चंपारण जिले के कल्याणपुर प्रखंड स्थित कैथवलिया गांव में एक ऐतिहासिक धार्मिक क्षण आने वाला है। राम जानकी पथ पर निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर परिसर में विश्व के सबसे ऊंचे शिवलिंग की स्थापना 17 जनवरी को की जाएगी। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### हेलीकॉप्टर से होगा जलाभिषेक और पुष्पवर्षा

शिवलिंग की स्थापना के बाद विशेष रूप से हेलीकॉप्टर के माध्यम से जलाभिषेक और पुष्पवर्षा की जाएगी। जलाभिषेक के लिए कैलाश मानसरोवर, गंगोत्री, यमुनोत्री, काशी और प्रयाग से पवित्र जल मंगवाया गया है। आयोजन को भव्य और दिव्य स्वरूप देने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

### 210 टन वजनी और 33 फीट ऊंचा शिवलिंग

विराट रामायण मंदिर परिसर में स्थापित होने वाला यह शिवलिंग 210 टन वजनी और 33 फीट ऊंचा है। इसके निर्माण में लगभग 10 वर्षों का समय लगा है। शिवलिंग का निर्माण तमिलनाडु के महाबलीपुरम के कुशल शिल्पकारों द्वारा किया गया है। इसे पेडेस्टल पर स्थापित करने के लिए भोपाल से 750 टन क्षमता वाले दो विशाल क्रेन मंगवाए गए हैं।

### मुख्यमंत्री के आगमन की संभावना

शिवलिंग स्थापना समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। विराट रामायण मंदिर के सचिव ललन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी मुस्तैदी से की जा रही हैं। देशभर से साधु-संतों और विद्वानों को आमंत्रित किया गया है। बुधवार को डीआईजी हरिकिशोर राय, डीएम सौरव जोरवाल, एसपी और डीएसपी संतोष कुमार कैथवलिया ने स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

### विराट रामायण मंदिर का भव्य स्वरूप

कैथवलिया गांव में विश्व के सबसे बड़े विराट रामायण मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। इस मंदिर का शिलान्यास जून 2012 में धार्मिक न्यास बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष स्वर्गीय किशोर कुणाल ने किया था। महावीर मंदिर ट्रस्ट, पटना द्वारा लगभग 500 करोड़ रुपये की लागत से 120 एकड़ भूमि में मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है, जिसके 2030 तक पूर्ण होने की उम्मीद है।

### अयोध्या से तीन गुना बड़ा, अंकोरवाट से भी ऊंचा

यह मंदिर 270 फीट ऊंचा, 540 फीट चौड़ा और 1080 फीट लंबा होगा। इसमें कुल 12 शिखर होंगे, जिनमें मुख्य शिखर की ऊंचाई 270 फीट होगी। कैथवलिया का विराट रामायण मंदिर अयोध्या राम मंदिर से तीन गुना बड़ा और कंबोडिया के अंकोरवाट से ऊंचाई में दोगुना बताया जा रहा है। मंदिर परिसर में 3 लाख 76 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में तीन मंजिला संरचना तैयार की जा रही है।

मंदिर का निर्माण टाटा कंसल्टेंसी इंजीनियर और सेंटेक इंफ्रा सॉल्यूशन द्वारा कराया जा रहा है। कुल 22 मंदिरों और 12 शिखरों से युक्त यह भव्य धार्मिक परिसर आने वाले समय में बिहार को वैश्विक धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाने की उम्मीद रखता है।

## वसंत पंचमी पर इन 5 कामों से बचें

वैदिक पंचांग के अनुसार माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को वसंत पंचमी मनाई जाती है। यह पर्व देवी सरस्वती को समर्पित होता है और ज्ञान, विद्या, संगीत और कला में उन्नति के लिए विशेष महत्व रखता है। 23 जनवरी 2026 को सुबह 2:28 बजे से अगले दिन 1:46 बजे तक यह तिथि रहेगी। इस दिन पूजा, व्रत और विशेष भोग से जीवन में खुशियां और सकारात्मक ऊर्जा आती है।

### वसंत पंचमी 2026 कब है?

**तिथि प्रारंभ:** 23 जनवरी, सुबह 02:28

**तिथि समाप्त:** 24 जनवरी, सुबह 01:46

**पूजा मुहूर्त:** प्रातः 07:13 से दोपहर 12:33

**ब्रह्म मुहूर्त:** प्रातः 05:26 से प्रातः 06:26

**विजय मुहूर्त:** दोपहर 02:20 से दोपहर 03:02

**गोधूलि मुहूर्त:** सायं 05:50 से सायं 06:17

**अभिजित मुहूर्त:** दोपहर 12:12 से दोपहर 12:54

### वसंत पंचमी पर क्या करें?

वसंत पंचमी का दिन विद्या, ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। इस दिन कुछ विशेष कार्य करने से जीवन में खुशियाँ और समृद्धि आती हैं:

**शुभ रंग पहनें:** पीले या सफेद वस्त्र पहनें। पीला रंग वसंत ऋतु और ज्ञान का प्रतीक है, जबकि सफेद रंग शांति और सकारात्मक ऊर्जा लाता है।

**सरस्वती पूजन:** देवी सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा करें। मंदिर या घर पर पूजा करते समय साफ-सुथरा स्थान



चुनें और दीपक, फूल, फल, मिठाई और पुस्तक का भोग लगाएँ।

**सात्विक भोजन ग्रहण:** दिनभर हल्का और सात्विक भोजन लें। फल, दूध, हल्दी, हल्के पकवान आदि शुभ माने जाते हैं।

विद्यार्थियों और कला प्रेमियों के लिए: इस दिन पुस्तक, संगीत यंत्र या कला से जुड़े उपकरण की पूजा करके अभ्यास करना अत्यंत शुभ होता है।

**ध्यान और ध्यान-साधना:** दिन के दौरान थोड़ी देर ध्यान या योग करने से मानसिक ऊर्जा और सकारात्मकता बढ़ती है।

**मंत्र का उच्चारण:** पूजा के बाद सरस्वती मंत्र का जाप करें:

सरस्वती महाभागे विद्ये कमलल- ोचने विद्यारूपे विशालाक्षि विद्यां देहि नमोस्तुते

### वसंत पंचमी पर क्या न करें?

कुछ कार्य ऐसे भी हैं, जिन्हें इस दिन करने से बचना चाहिए क्योंकि ये शुभता और सकारात्मक ऊर्जा में बाधा डाल सकते हैं:

**काले वस्त्र पहनना:** काला रंग नकारात्मकता और अवसाद का प्रतीक माना जाता है। इस दिन इसे पहनने से बचें।

पूजा से पहले भोजन करना: व्रत या उपवास रखने की परंपरा है। पूजा से पहले भोजन न करें और पूजा समाप्त होने तक उपवास रखें।

**तामसिक भोजन का सेवन:** मांस, लहसुन, प्याज, शराब और भारी मसालेदार भोजन से बचें। ये शरीर और मन दोनों को भारी और नकारात्मक बना सकते हैं।

**पेड़-पौधों की कटाई-छंटाई:** बसंत पंचमी से वसंत ऋतु की शुरुआत होती है। इस दिन पेड़-पौधों की कटाई करना अशुभ माना जाता है और इससे जीवन में नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**गुस्सा या विवाद:** इस दिन नकारात्मक भावनाएँ रखना या किसी से विवाद करना उचित नहीं माना जाता। शांति और सौहार्द बनाए रखें।

अनावश्यक खर्च या निवेश: यह दिन आर्थिक मामलों में सोच-समझकर कदम रखने का दिन है। जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश या खर्च न करें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### लद्दाख में 5.7 तीव्रता का भूकंप

**लेह :** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में सोमवार को 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के कारण किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप के झटके दिन में 11:51 बजे महसूस किए गए। एनसीएस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि भूकंप का केंद्र 171 किलोमीटर की गहराई में 36.71 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 74.32 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना : एअर इंडिया ने मृतकों के परिजनों को निजी सामान लौटाने की प्रक्रिया शुरू की

**अहमदाबाद :** अहमदाबाद में हुए भयावह विमान हादसे में 260 लोगों की मौत के लगभग सात महीने बाद, एअर इंडिया ने प्रभावित परिवारों को पीड़ितों का सामान लौटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विमानन कंपनी के एक प्रवक्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। पिछले साल 12 जून को, एअर इंडिया का 'बोइंग 787-8' विमान लंदन गैटविक जा रहा था और सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान एक मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में आग लग गई, जिससे विमान में सवार 242 लोगों में से 241 की और छात्रावास में मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई।

### दिल्ली में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति पर चर्चा के लिये आतिशी ने अमित शाह को लिखा पत्र

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर शहर में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने का समय मांगा है। उन्होंने दावा किया कि ध्वस्त कानून-व्यवस्था ने राष्ट्रीय राजधानी को भय के माहौल में धकेल दिया है। प्रमुख चश्मदीद गवाह की हत्या से लेकर लाल किले के पास हुए घातक विस्फोट और पुलिस के लगातार देर से पहुंचने जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए, आतिशी ने जवाबदेही की कमी से चिह्नित प्रणालीगत पतन की ओर इशारा किया।

### उत्तराखंड:यूसीसी में आसान हुआ विवाह पंजीकरण, एक साल में साढ़े चार लाख से अधिक शादियां पंजीकृत

**देहरादून :** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने से प्रक्रियाएं आसान हो गयी हैं और इसके तहत एक साल में राज्य में साढ़े चार लाख से अधिक शादियों का पंजीकरण हो चुका है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार 27 जनवरी को राज्य में यूसीसी लागू हुए एक साल पूरा होने वाला है और इस अवधि में अब तक 4,74,447 विवाहों का पंजीकरण हो चुका है। यूसीसी के तहत अब पति-पत्नी कहीं से भी ऑनलाइन तरीके से विवाह पंजीकरण करवा रहे हैं जबकि पुराने अधिनियम में उन्हें दो गवाहों के साथ तय तिथि पर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में उपस्थित होना पड़ता था।

# हमारे पड़ोस में आतंकी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद न करें: जयशंकर का पोलैंड को स्पष्ट संदेश



**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पोलैंड के विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की को एक तीखा संदेश देते हुए कहा कि उनके देश को आतंकवाद के प्रति ''कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति'' अपनानी चाहिए और भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए। जयशंकर का यह संदेश स्पष्ट रूप से अक्टूबर में पोलैंड-पाकिस्तान के संयुक्त बयान में कश्मीर के उल्लेख के संदर्भ में था। सिकोरस्की के साथ एक बैठक में, जयशंकर ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत को अनुचित और अन्यायपूर्ण तरीके से चयनात्मक रूप से निशाना बनाए जाने पर भी अपनी चिंता व्यक्त की। इसे रूस के साथ ऊर्जा संबंधों को लेकर नयी दिल्ली की पश्चिमी देशों द्वारा की गई आलोचना के संदर्भ के रूप में देखा जा रहा है। नयी दिल्ली में हुई बैठक में अपने शुरुआती संबोधन के दौरान विदेश मंत्री ने ये टिप्पणी की। सिकोरस्की पोलैंड के उपप्रधानमंत्री भी हैं। वहीं, पोलैंड के विदेश मंत्री ने कहा कि वह भारत के रूस के साथ संबंधों को लेकर लगाए गए शुल्क के संदर्भ में अन्याय और चयनात्मक रूप से निशाना बनाए जाने के बारे में जयशंकर से पूरी तरह सहमत हैं। सिकोरस्की भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं, जो यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व की देश की यात्रा से 10 दिन से भी कम समय पहले हो रही है। जयशंकर ने कहा, आप हमारे क्षेत्र से अपरिचित नहीं हैं और सीमा पार आतंकवाद की दीर्घकालिक चुनौती से निश्चित रूप से परिचित हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि इस बैठक में हम क्षेत्र की आपकी हालिया यात्राओं पर चर्चा करेंगे। पोलैंड को आतंकवाद के प्रति कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को बढ़ावा देने में मदद नहीं करनी चाहिए।

### दिल्ली में त्वरित प्रतिक्रिया के लिए एकीकृत आपातकालीन हेल्पलाइन 112 शुरू की जाएगी : मुख्यमंत्री

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के निवासी अब कई नंबरों पर फोन करने के बदले एकीकृत हेल्पलाइन 112 डायल कर कई आपातकालीन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एकल आपातकालीन नंबर की घोषणा करते हुए कहा कि गृह मंत्रालय ने '112' को राष्ट्रीय आपातकालीन नंबर घोषित किया है और इसी के अनुरूप दिल्ली सरकार इसे लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आपात स्थिति की प्रकृति के आधार पर, 112 डायल कर पुलिस, अग्निशमन सेवा, एम्बुलेंस और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को एक साथ सूचित किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''सहायता सिर्फ फोन के माध्यम से ही नहीं बल्कि मोबाइल ऐप, आपातकालीन बटन, एसएमएस और ऑनलाइन मंच के जरिए भी प्राप्त की जा सकती है, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि यदि कोई नागरिक बोलने में असमर्थ है, तब भी वह आसानी से संकट संबंधी संकेत भेज सकता है।''

## कांग्रेस वीबी-जी राम जी के बारे में 'झूठ' फैला रही: शिवराज चौहान



**नयी दिल्ली :** ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी पर 'विकसित भारत-जी राम जी' के बारे में गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया और दावा किया कि नया अधिनियम काम के अधिकार को मजबूत करेगा। यहां संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने मनरेगा की जगह लेने वाले नये अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी अभियान का जिक्र किया और कहा कि विपक्ष यह ''झूठ'' फैला रहा है कि इस योजना के तहत रोजगार केवल कुछ पंचायतों में ही प्रदान किया जाएगा। कांग्रेस ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के शासनकाल के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने के विरोध में 10 जनवरी को 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी अभियान 'मनरेगा बचाओ संग्राम' की शुरुआत की। विपक्षी दल विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) अधिनियम को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग कर रहा है। चौहान ने कहा, ''मैं राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से कहना चाहता हूं कि वीबी-जी राम जी के बारे में गलत जानकारी फैलाकर वे कांग्रेस को मजबूत नहीं बल्कि कमजोर कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने अपने विचार, विचारधारा और आदर्शों को त्याग दिया है... राष्ट्र सर्वोपरि, देश के विकास के विचार के साथ वीबी-जी राम जी गांवों के विकास के लिए है।''

## इंदौर में भिखारी निकला 'लाखों रुपये की संपत्ति का मालिक', दंग रह गए अधिकारी



**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर में प्रशासन ने भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के दौरान कुष्ठ रोग से जूझ रहे 50 वर्षीय भिखारी को बचाया है और शुरुआती तौर पर पता चला है कि वह तीन मकान, एक कार और तीन ऑटो रिक्शा समेत लाखों रुपये की संपत्ति का मालिक है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रशासन ने इंदौर में भीख लेने के साथ ही भीख देने और भिखारियों से कोई सामान खरीदने तक पर कानूनी रोक लगा रखी है और उसका दावा है कि शहर 'भिक्षुकमुक्त' है। महिला और बाल विकास विभाग के अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि आम लोगों की सूचना पर सर्राफा क्षेत्र से एक कुष्ठ रोगी को भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने के लिए बचाया गया है। मिश्रा, भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के नोडल अधिकारी हैं। उन्होंने बताया, ''हमें पता चला है कि इस व्यक्ति के पास तीन पक्के मकान हैं। इनमें तीन मंजिलों वाला एक भवन शामिल है। इसके अलावा, उसके पास तीन ऑटो रिक्शा हैं जिन्हें उसने किराये पर दे रखा है।'' मिश्रा के मुताबिक, इस व्यक्ति के पास एक कार भी है जिसमें बैठकर वह भीख मांगने जाता है और इसके लिए उसने चालक रखा हुआ है।

## शिवसैनिकों का मानना है कि शिवसेना को मुंबई का मेयर पद बाल ठाकरे को श्रद्धांजलि होगी : शिंदे



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सहयोगी भाजपा के साथ कथित रस्साकशी के बीच, सोमवार को कहा कि शिवसैनिकों के एक वर्ग का मानना है कि मुंबई में शिवसेना का महापौर होना बाल ठाकरे की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनके प्रति सम्मान का प्रतीक होगा। शिंदे ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव परिणाम आने के बाद नये राजनीतिक समीकरण की खबरों को खारिज करते हुए कहा कि मुंबई में महायुति का महापौर होगा। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि जिन नगर निकायों में शिवसेना और भाजपा ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था, उनमें महायुति गठबंधन के महापौर होंगे। उन्होंने कहा, ''बालासाहेब ठाकरे की जन्म शताब्दी 23 जनवरी से शुरू होती है। कुछ शिवसैनिकों (पार्टी कार्यकर्ताओं) का मानना है कि बीएमसी में शिवसेना का मेयर होना चाहिए।'' उनकी इन टिप्पणियों को शिंदे द्वारा मुंबई के महापौर पद पर अप्रत्यक्ष रूप से दावा जताने के रूप में देखा जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि शिवसेना जनादेश के खिलाफ कोई भी निर्णय नहीं लेगी, और इस बात पर बल दिया कि उनकी पार्टी और भाजपा ने बीएमसी चुनाव गठबंधन के तहत लड़ा था।

### न्यायालय ने रूसी महिला, उसके बच्चे का पता लगाने के लिए केंद्र को चार सप्ताह का समय दिया

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को एक रूसी महिला का पता लगाने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है, जो अपने अलग रह रहे भारतीय पति के साथ भरण पोषण को लेकर कटु विवाद के बीच अपने बच्चे के साथ मॉस्को चली गई थी। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी की इस दलील पर गौर किया कि महिला और बच्चे का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

## करूर भगदड़ मामला : सीबीआई ने विजय से लगभग छह घंटे तक पूछताछ की, कोई नया समन नहीं



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने करूर भगदड़ मामले के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख विजय से सोमवार को यहां एजेंसी मुख्यालय में लगभग छह घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि विजय पूर्वाह्न 10:20 बजे लग्जरी एसयूवी के काफिले में लोधी रोड स्थित सीबीआई मुख्यालय पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में बैरिकेड लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद विजय शाम को लगभग पांच बजे अपनी एसयूवी से सीबीआई मुख्यालय से बाहर आए, गाड़ी से उतरे, हाथ हिलाकर समर्थकों एवं मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया और फिर वापस एसयूवी में बैठकर उस पांच सितारा होटल के लिए रवाना हो गए, जहां वह ठहरे हुए हैं। इससे पहले, विजय से 12 जनवरी को यहां सीबीआई मुख्यालय में छह घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की गई थी।

## उच्चतम न्यायालय ने त्योहारों के दौरान हवाई किराए में अत्यधिक वृद्धि पर चिंता जताई



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने त्योहारों के दौरान हवाई किराए में होने वाली अत्यधिक वृद्धि पर चिंता जताते हुए सोमवार को कहा कि वह इस संबंध में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को लेकर हस्तक्षेप करेगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए विमानन कंपनियों द्वारा हवाई किराए में अत्यधिक वृद्धि को शोषण करार दिया और केंद्र सरकार तथा नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से अपना जवाब दाखिल करने को कहा। याचिका में निजी विमानन कंपनियों के हवाई किराए और अन्य शुल्कों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करने के लिए बाध्यकारी नियामक दिशानिर्देशों का अनुरोध किया गया है। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल कौशिक से कहा, हम निश्चित रूप से हस्तक्षेप करेंगे। कुंभ और अन्य त्योहारों के दौरान यात्रियों के शोषण को ही देख लीजिए। दिल्ली से प्रयागराज और जोधपुर के किराए पर नजर डालिए।'' न्यायमूर्ति मेहता ने अदालत में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि हो सकता है अहमदाबाद के हवाई किराए में वृद्धि न हुई हो, लेकिन जोधपुर जैसे अन्य गंतव्यों के लिए किराए में भारी वृद्धि हुई है। केंद्र की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कौशिक द्वारा समय मांगे जाने के अनुरोध के बाद, शीर्ष अदालत ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए 23 फरवरी की तारीख तय की। पिछले साल 17 नवंबर को, शीर्ष अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता एस लक्ष्मीनारायणन की याचिका पर केंद्र और अन्य से जवाब मांगा था, जिन्होंने नागरिक उड्डयन क्षेत्र में पारदर्शिता और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले एक मजबूत और स्वतंत्र नियामक की स्थापना का अनुरोध किया।

## कोविंद ने जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक की शुरुआत की; सिंगापुर पहले, भारत 16वें स्थान पर




**नयी दिल्ली :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद द्वारा यहां शुरू किये गए जिम्मेदार राष्ट्र सूचकांक (रिस्पॉन्सिबल नेशंस इंडेक्स) में सिंगापुर पहले और भारत 16वें स्थान पर है। इस सूचकांक में 154 देश शामिल हैं। सूचकांक में स्विट्जरलैंड दूसरे, डेनमार्क तीसरे और मध्य अफ्रीकी गणराज्य अंतिम स्थान पर है। वहीं, पाकिस्तान 90वें स्थान पर है। सूचकांक के अनुसार, चीन 68वें और अमेरिका 66वें स्थान पर है। पूर्व राष्ट्रपति ने सूचकांक की शुरूआत की। यह अपनी तरह का पहला वैश्विक सूचकांक है जो विभिन्न देशों का मूल्यांकन इस आधार पर करता है कि वे अपने नागरिकों, वैश्विक समुदाय और पृथ्वी के प्रति कितनी जिम्मेदारी से शक्ति का प्रयोग करते हैं। सूचकांक एक वैश्विक मूल्यांकन ढांचा है जिसे वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल फाउंडेशन (डब्ल्यूआईएफ) द्वारा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के साथ अकादमिक सहयोग से विकसित किया गया है और भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), मुंबई द्वारा पद्धतिगत रूप से मान्यता दी गई है। कोविंद ने सतत राष्ट्रीय और वैश्विक भविष्य को आकार देने में नैतिक शासन, समावेशी विकास और नैतिक उत्तरदायित्व के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''यह सूचकांक प्रतिस्पर्धा बढ़ाने वाला स्कोर बोर्ड नहीं है, बल्कि नैतिकता और उत्तरदायित्व का दर्पण है जो दर्शाता है कि क्या देश अपने नागरिकों के साथ न्याय कर रहे हैं।''

## गणतंत्र दिवस परेड में सीआरपीएफ की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी महिला अधिकारी सिमरन बाला



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की सहायक कमांडेंट सिमरन बाला 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में अर्द्धसैन्य बल की पुरुष टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि इससे पहले भी महिला सीआरपीएफ अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस की अलग-अलग टुकड़ियों की कमान संभाली है, लेकिन यह पहली बार है जब कोई महिला अधिकारी इस राष्ट्रीय समारोह में 140 से अधिक पुरुष जवानों की टुकड़ी का नेतृत्व करेंगी। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले की रहने वाली बाला (26) अधिकारी रैंक में देश के सबसे बड़े अर्द्धसैन्य बल में शामिल होने वाली जिले की पहली महिला हैं। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा आंतरिक सुरक्षा बल है, जिसके करीब 3.25 लाख कर्मी हैं। इसके प्रमुख कार्यक्षेत्रों में नक्सल विरोधी अभियान, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद रोधी अभियान और पूर्वोत्तर में उग्रवाद विरोधी जिम्मेदारियां शामिल हैं।

## भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण के प्रयास में : राहुल



**कोच्चि :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सत्ता को केंद्रीकृत करने के प्रयास का आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी विकेंद्रीकरण में विश्वास करती है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यहां स्थानीय निकाय चुनाव में निर्वाचित हुए कांग्रेस सदस्यों की एक 'महापंचायत' में यह भी कहा कि कांग्रेस त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 73वां और 74वां संवैधानिक संशोधन लेकर आई। राहुल गांधी ने इस बात पर जोर दिया कि संविधान की रक्षा का मतलब जमीनी स्तर पर विकेंद्रीकृत शासन की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध मलयालम लेखिका एम लीलावती ने उन्हें देश भर में फैल रही चुप्पी की बढ़ती संस्कृति के बारे में आगाह किया था। उन्होंने दावा किया कि भाजपा चाहती है कि लोग चुप रहें ताकि कुछ कॉरपोरेट समूह देश की संपत्ति पर नियंत्रण कर सकें।

## उत्तर भारत में शीतलहर जारी, कश्मीर और राजस्थान को मिली मामूली राहत



**नयी दिल्ली :** उत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप सोमवार को भी जारी रहा, हालांकि कश्मीर घाटी और राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली।राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सुबह धुंध छाई रही और औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 417 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। दिल्ली का अधिकतम तापमान 26.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 7.1 डिग्री अधिक है, जबकि न्यूनतम तापमान 7.7 डिग्री दर्ज किया गया।कश्मीर घाटी में चिल्लई कलां के बीच तापमान में कुछ सुधार देखा गया। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 1.2 डिग्री नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात से अधिक रहा। सोनमर्ग घाटी सबसे ठंडी रही, जहां तापमान शून्य से 8.3 डिग्री नीचे पहुंच गया। गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.5 डिग्री नीचे रहा।पंजाब और हरियाणा में भी शीतलहर का असर बना रहा। पंजाब में अमृतसर सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री दर्ज किया गया। लुधियाना, पटियाला और होशियारपुर समेत कई शहरों में पारा 5 से 7 डिग्री के बीच रहा। हरियाणा में भिवानी का तापमान तीन डिग्री तक गिर गया।हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भीषण ठंड जारी है। मौसम विभाग ने कांगड़ा, मंडी, ऊना, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है। विभाग के अनुसार, बृहस्पतिवार से राज्य में फिर से बर्फबारी और बारिश का दौर शुरू हो सकता है।राजस्थान में मौसम अपेक्षाकृत सुधरा है और अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है।

# समाज्ञा स्पोर्ट्स

## विश्व कप में भागीदारी पर 21 जनवरी तक फैसला लें या बाहर होने को तैयार रहें : आईसीसी ने बीसीबी से कहा

**नयी दिल्ली :** आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से कहा है कि भारत में होने वाले टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर 21 जनवरी तक फैसला ले या सात फरवरी से शुरू हो रहे टूर्नामेंट से बाहर होने को तैयार रहे। आईसीसी और बीसीबी के बीच बातचीत के बावजूद मसले का कोई हल नहीं निकल पाया है। यह संकट बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से बाहर किये जाने के बाद शुरू हुआ। आईसीसी के एक सूत्र ने कहा ,'' बीसीबी अधिकारियों को 21 जनवरी तक फैसला लेने के लिये कहा गया है। अगर वे भारत आने से इनकार करते हैं तो रैंकिंग के आधार पर किसी दूसरी टीम को चुन लिया जायेगा।'' सुरक्षा चिंताओं और राष्ट्रीय गौरव का हवाला देकर बीसीबी ने कहा है कि उसकी टीम कोलकाता और मुंबई में विश्व कप के लीग मैच खेलने भारत नहीं जायेगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम घोषित हो चुका है लिहाजा आईसीसी बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में स्थानांतरित नहीं करेगी। बांग्लादेश अगर आने से इनकार करता है तो मौजूदा रैंकिंग के आधार पर स्कॉटलैंड को मौका मिल सकता है। बांग्लादेश ग्रुप सी में वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल के साथ है।

International Cricket Council

### मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स की नजरें वापसी करने पर

**वडोदरा :** मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स मंगलवार को यहां जब महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में आमने-सामने होंगे तो उनका लक्ष्य अपना अभियान वापस पटरी पर लाना होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस की टीम ने अब तक पांच मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। उसके खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने में नाकाम रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर दूसरे मैच में 195 रन का बचाव करते हुए सबसे निचले पायदान पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को 50 रन से करारी शिकस्त दी।

## युवा खिलाड़ियों को कोहली से सीख लेने की जरूरत: गावस्कर

**नयी दिल्ली :** पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि अच्छी शुरुआत नहीं मिलने के कारण भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा और टीम के बल्लेबाजों को मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते समय पारी को सही ढंग से आगे बढ़ाने के लिए विराट कोहली से सीख लेनी चाहिए। भारत को इंदौर में खेले गए तीसरे और अंतिम वनडे में न्यूजीलैंड से 41 रन से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह वह न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर पहली बार वन डे श्रृंखला में हार गया। भारत के प्रमुख बल्लेबाजों में केवल कोहली ही अच्छा प्रदर्शन कर पाए। उन्होंने 108 गेंद पर 124 रन बनाए। गावस्कर ने जिओस्टार के एक कार्यक्रम में कहा, ''विराट कोहली को पूरा सहयोग नहीं मिलने के कारण भारत के लिए चीजें मुश्किल हो गई। कोहली को बहुत कम सहयोग मिला। इस श्रृंखला में भारत के लिए असली समस्या अच्छी शुरुआत न कर पाना रही है। कहा भी जाता है कि अच्छी शुरुआत का मतलब आधा काम हो गया।'' उन्होंने बताया, ''भारत की शुरुआत कभी अच्छी नहीं रही और यही उसकी हार के मुख्य कारणों में से एक है कि वह बड़े स्कोर का पीछा करने में सक्षम नहीं था।'' भारत के आधे बल्लेबाज 159 रन तक पवेलियन लौट गए थे जिससे टीम की जीत की संभावना को गंभीर झटका लगा था।

## प्रज्ञाननंदा की एक और हार, गुकेश ने फिर ड्रॉ खेला

**विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड) :** गत चैंपियन आर प्रज्ञाननंदा का टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन जारी रहा और वह दूसरे दौर में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव से हार गए। विश्व चैंपियन गुकेश को एक और कड़े मुकाबले में नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फॉरेस्ट ने ड्रॉ पर रोक दिया। लगातार दूसरे ड्रॉ के साथ गुकेश का कुल अंक एक हो गया है। प्रज्ञाननंदा पहले दौर में हमवतन अर्जुन एरिगैसी से हार गए थे। इस तरह से वह टूर्नामेंट में अभी तक अपना खाता नहीं खोल पाए हैं और उन्हें अपना खिताब बचाने के लिए बाकी बचे 11 राउंड में शानदार प्रदर्शन करना होगा। एरिगैसी ने चेक गणराज्य के थाई खिलाड़ी दाई वान गुयेन के खिलाफ अपनी दूसरी बाजी ड्रॉ खेली। वह वान गुयेन के रक्षण को भेदने में असफल रहे। हालांकि शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 1.5 अंकों के साथ अमेरिका के हैंस मोके नीमन और अब्दुसत्तोरोव के साथ शीर्ष पर बना हुआ है। इस प्रतियोगिता में खेल रहे चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम ने तुर्की के यागिज़ कान एर्दोगमुस के साथ ड्रॉ खेला और इस तरह उन्होंने भी संभावित दो अंकों में से एक अंक हासिल कर लिया है। प्रतियोगिता में अभी तीन खिलाड़ी आगे चल रहे हैं जबकि नौ खिलाड़ी आधे अंक के अंतर से उनके पीछे हैं।

## हमें अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा और कैचिंग में सुधार करना होगा: गिल

**इंदौर :** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की द्विपक्षीय वनडे श्रृंखला में पहली हार न केवल आंकड़ों के लिहाज से एक झटका थी, बल्कि इससे एक असहज स्पष्टता भी उजागर हुई और कप्तान शुभमन गिल ने हार के अंतर या कुछ खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी का बहाना नहीं बनाया। श्रृंखला के तीसरे और अंतिम मैच में भारतीय टीम की पराजय के बाद गिल ने एक ऐसे पैटर्न का खुलासा किया, जिसने उनके शब्दों में, ''दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।'' गिल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, '' ऐसा नहीं है कि हमने खराब बल्लेबाजी की। बात यह थी कि हम पर्याप्त देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए। जब बल्लेबाजों को अच्छी शुरुआत मिलती है और वे उसे बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाते तो स्थिति बहुत मुश्किल हो जाती है। हमारे कम से कम दो बल्लेबाजों को लंबी पारी खेलनी चाहिए थी। यही उनके और हमारे बीच का अंतर रहा।'' भारत पूरी श्रृंखला में अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाया जिसमें इंदौर में खेला गया मैच भी शामिल है। इस मैच में विराट कोहली के शतक ने कुछ समय के लिए मैच का रुख पलटने की उम्मीद जगाई थी। गिल बार-बार न्यूजीलैंड के दृष्टिकोण के साथ तुलना का मुद्दा उठाते रहे। उन्होंने कहा, ''जब भी उनके बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत की तो वह बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहे। श्रृंखला में इसी ने मुख्य अंतर पैदा किया। पहले दो मैचों में मैं भी जम गया था, लेकिन मैं उसे 100, 120 या 130 रन में नहीं बदल पाया। बल्लेबाजी इकाई के रूप में हमें इसमें सुधार करने की जरूरत है।''

# जायसवाल समाज के 'समर्पण' रक्तदान शिविर ने रचा सेवा और मानवता की नई मिसाल

## संस्थापक सदस्यों की स्मृति में आयोजित सेवा शिविर में उमड़ा जनसैलाब













**कोलकाता, समाज्ञा**

श्री सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में 18 जनवरी को समाजसेवा की भावना को साकार करते हुए 'समर्पण' नामक विशाल रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर तथा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह रक्तदान शिविर उन संस्थापक सदस्यों (फाउंडिंग मेंबर) की पावन स्मृति को समर्पित किया गया जो अब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके सेवा और समाजहित के आदर्श आज भी सभी के लिए प्रेरणा बने हुए हैं। इस विशाल आयोजन का सफल संचालन समिति के **अध्यक्ष विकास जायसवाल** के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विकास जायसवाल ऐसे समाजसेवी व्यक्तित्व हैं जो सदैव जरूरतमंदों के साथ खड़े रहते हैं और रक्त की महत्ता को समझते हुए निरंतर समाजहित में सक्रिय रहते हैं। उनके नेतृत्व में समिति द्वारा समय-समय पर किए जा रहे सामाजिक कार्य जनकल्याण की मिसाल बन चुके हैं। कार्यक्रम के महासचिव आकाश जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष गणेश जायसवाल ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में 235 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की, जिसमें कई महिलाएं भी शामिल थीं। साथ ही, 390 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें वजन, रक्तचाप, ब्लड शुगर और अन्य जरूरी जांच शामिल थीं। साथ ही, 240 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 135 लोगों को चश्मा प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, 38 लोगों का चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार ऑपरेशन भी किया जाएगा। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम चेयरमैन जवाहर लाल जायसवाल, सह-कार्यक्रम चेयरमैन हरिश्चंद जायसवाल,, को- चेयरमैन राम नरेश जायसवाल, समारोह अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल (राजूजी), दीप प्रज्वलन शंभुनाथ जायसवाल, रक्तदान चेयरमैन रामफूल जायसवाल, नेत्र शिविर उद्घाटक महेंद्र जायसवाल, कैंप संयोजक सरोज जायसवाल सह संयोजकर णजीत जायसवाल कंबल वितरण दीपक जायसवाल तथा स्वास्थ्य शिविर उद्घाटक दिलीप जायसवाल एवं तारक जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रामसूरत जायसवाल, निर्मला देवी शाव, वंदना शाव, दिलीप गुप्ता, शोभा देवी जायसवाल, मनीषा जायसवाल, मानिकतला केंद्र की कन्वेनर श्रेया पांडेय, वार्ड नंबर 80 के पार्षद अनवर खान, पार्षद विजय ओझा, सुजीत सिंह, पूजा शाव, स्वरूप किशन जायसवाल, अवधेश कुमार शाव, रामानंद जायसवाल, अशोक शाह, राजेश जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, द्वारिका प्रसाद जायसवाल, भागवत दास जायसवाल, राजीव जायसवाल, सत्यनारायण जायसवाल, सीए अशोक जायसवाल, एडकॉम राजेश जायसवाल, अरुण जायसवाल, मेवालाल जायसवाल, प्रेम गुप्ता, सुरेश शाव, गोविंद जायसवाल, देवी प्रसाद जायसवाल, माया जायसवाल, अजय गुप्ता, प्रेमनाथ गुप्ता, अशोक जायसवाल, दिनेश जायसवाल, दयानंद जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, कृष्णा चंद जायसवाल एवं विनोद जायसवाल, रवि जायसवाल, रितेश जायसवाल, रमेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, जीतू जायसवाल, राजीव जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, सुभाष जायसवाल, चंद्रशेखर जायसवाल, दिनेश जायसवाल (के.के.जी.), सतीश जायसवाल, सीताराम जायसवाल, सीताराम गुप्ता, सुशील चौधरी, एन के अग्रवाल, दीपक डालमिया, नेता शिव जायसवाल, उमेश गुप्ता, लालता प्रसाद जायसवाल, रतन राज, निर्मल जायसवाल, विजय साव सिंह, संतोष जायसवाल, पंकज जायसवाल, मयूर जायसवाल, आशीष गुप्ता, प्रभात जायसवाल, किशन जायसवाल, परमेश्वर गुप्ता, बापी सिंह, अनिल साईं उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में जिन कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा, उनमें रतन जायसवाल, मनोहर जायसवाल, राजीव जायसवाल, शैलेंद्र जायसवाल, मनोज गुप्ता, केस्टो कुमार जायसवाल, गौतम जायसवाल, महेंद्र जायसवाल, नवीन जायसवाल, आशीष जायसवाल, बबलू साव, विजय जायसवाल, संजय जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, बैजनाथ साव, रमेश साव, राज जायसवाल, महेंद्र जायसवाल (बबलू), आनंद जायसवाल, सुशील जायसवाल, राहुल जायसवाल, राकेश जायसवाल, दीपक गुप्ता, सचिन जायसवाल, पिंटू जायसवाल, भोला जायसवाल, रतन लाल साव, भवानी जायसवाल, राजेश जायसवाल (पोला), जयप्रकाश जायसवाल, सुरेश गुप्ता, पूर्णिमा गुप्ता, गायत्री जायसवाल, सिंधु जायसवाल, सुमित्रा जायसवाल, रजनी गुप्ता, मधु गुप्ता, रीना जायसवाल, संजू जायसवाल, कंचन जायसवाल, धीरज कुमार शाव, दिलीप गुप्ता, सोमनाथ जायसवाल, अशोक जायसवाल, रीता जायसवाल, नंदकिशोर जायसवाल शामिल है।







































वर्ष 10, पूर्णांक 3479 अंक 289, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in